...त ज्योतिष में मानसिक रोग - एक अनुशीलन

...गणेश दोनी वैदिक विश्वविद्यालय

के अन्तर्गत

"विद्या वारिधि" (पीएच.डी.)

...धि हेतु प्रस्तुत

शोध-प्रबन्ध

...

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

22630

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

22630

M:9415462468 M:9451994540
Prem Shanker Rama Shanker
Law Book Binder
Thesis • Project Report • Binding,
Printout • Photocopy • Colour Printout
22, Naaz Cinema Road Aminabad Lucknow
email id-: mukesh99gautam@gmail.com

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

फलित ज्योतिष में मानसिक रोग - एक अनुशीलन

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

के अन्तर्गत

"विद्या वारिधि" (पीएच.डी.)

उपाधि हेतु प्रस्तुत

यह पुस्तक देय नहीं है।

शोध-प्रबन्ध

सन्दर्भ पुस्तक

शोधकर्ता

अनुराग पाठक

शोध निर्देशक

डॉ. मानवेन्द्र पाण्डेय

उपाचार्य

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

शोध सहनिर्देशक

डॉ. निलिम्प त्रिपाठी

उपाचार्य

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

२०१४

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

घोषणा-पत्र

मैं यह शपथपूर्वक घोषित करता हूँ प्रस्तुत शोध प्रबन्ध जिसका शीर्षक **"फलित ज्योतिष में मानसिक रोग-एक अनुशीलन"** है, सन्दर्भ ग्रन्थों पर आधारित मेरा मौलिक शोध कार्य है। मैं यह भी घोषित करता हूँ कि यह शोध कार्य मैंने किसी भी विश्वविद्यालय या संस्थान में किसी भी उपाधि आदि की प्राप्ति हेतु प्रस्तुत नहीं किया है।

शोधकर्त्ता



(अनुराग पाठक)
महर्षि महेश योगी वैदिक
विश्वविद्यालय

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

प्रमाण-पत्र

यह प्रमाणित किया जाता है कि शोध-प्रबन्ध जिसका शीर्षक **"फलित ज्योतिष में मानसिक रोग-एक अनुशीलन"** है, अनुराग पाठक द्वारा सन्दर्भ ग्रन्थों पर आधारित मौलिक शोध कार्य है, जो कि मेरे निर्देशन में सम्पन्न किया गया है। मैं यह भी प्रमाणित करता हूँ कि यह शोध कार्य किसी भी विश्वविद्यालय या संस्थान में किसी भी उपाधि प्राप्ति हेतु प्रस्तुत नहीं किया गया है।

5.5.2014

शोध-सह निर्देशक

डा. निलिम्प त्रिपाठी

महर्षि महेश योग वैदिक विश्वविद्यालय

शोध-निर्देशक

डा. मानवेन्द्र पाण्डेय

महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय

15.9.2015

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सादर आभार

प्रस्तुत शोध निबन्ध के प्रस्तुतिकरण का श्रेय परम पूज्य गुरू हमारे शोध निर्देशक डा. मानवेन्द्र पाण्डेय उपाचार्य, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय को है, जिन्होंने अपने अति व्यस्त कार्यक्रमों से समय निकालकर निबन्ध विन्यास की संयोजना की। शोध प्रक्रिया के प्रारम्भ से लेकर शोध निबन्ध के पूर्ण होने तक आपका वरद्हस्त तथा मार्गदर्शन सदैव मिलता रहा। आपने शोध अवधि में हर प्रकार की जो सहायता की है उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

मैं परम पूज्य गुरू श्रद्धेय डा. निलिम्प त्रिपाठी उपाचार्य, महर्षि वैदिक विश्वविद्यालय का भी अति आभारी हूँ। गुरू जी ने समय-समय पर हमारे मार्ग के सभी प्रकार के कंटक का सफाया किया और अपने स्नेहिल सानिध्य में सदैव हमारा मार्गदर्शन किया।

मैं परम पूज्य श्रद्धेय डा. पी.बी.वी. सुब्रहमण्यम जी सहायक प्रोफेसर, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान गरली हिमाचल प्रदेश का भी आभारी हूँ। गुरू जी के द्वारा भी कुण्डली समीक्षा और रोगों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त हुयी, गुरू जी ने विज्ञान सम्मत ज्ञान प्रदान किये और आधुनिक विज्ञान के सम्बन्धों के बारे में जानकारी दी।

मैं 2004 से 2006 तक ज्योतिषीय सलाहकार के रूप में Hutch (Vodafone) आज की कम्पनी Vodafone को सेवा दी। यही कारण है कि हमारी सभी कुण्डली 2005 और 2006 के रोगियों की है जो अस्पताल में भर्ती हुए। इनके परिजन फोन करके इनके बारे में पूछते थे और मैं इनको बताता था इसी बीच कई प्रकार के रोगियो से मुलाकात भी हुयी। ये सभी आँकड़े इसी कारण से 2005 और 2006 के हैं। इस बीच मैं दिल्ली और राजस्थान में भी ज्योतिषीय सलाह दी। राजस्थान की Hutch (Vodafone) की ज्योतिषीय सेवा हमने शुरूआत करायी और लखनऊ में रहते हुए इन सभी आँकड़ों को एकत्रित करके रखा और बाद में गुरूओं के आशीर्वाद से समीक्षा की गयी।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

मैं आचार्य इन्दु प्रकाश मिश्रा (ज्योतिषाचार्य) India TV पर सुबह 7:30 बजे रोज इनका प्रोग्राम आता है। मैंने इनको भी ज्योतिषीय सेवा दी इनसे भी मुझे बहुत सीखने को मिला, मैं आचार्य जी का आभार व्यक्त करता है कि इन्होंने हमें अपने साथ रखा।

इसके अतिरिक्त मैं उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, संस्कृत भवनम, न्यू हैदराबाद, लखनऊ के पुस्तकालय अध्यक्ष श्री जगदानन्द झा एवं अन्य सहायक कर्मचारियों के प्रति अति कृतज्ञ हूँ जिनकी सहायता से मुझे निरन्तर ज्योतिषशास्त्र से सम्बन्धित अति प्राचीन ग्रन्थ उपलब्ध होते रहे।

मैं मानसिक चिकित्सालय, नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ के मनोचिकित्सक तथा मानसिक रोग विभाग किंग जार्ज मेडिकल कालेज के न्यूरोफिजिशियन डा. राकेश शुक्ला, विभागाध्यक्ष (Neurology), डा. हिमांशु कृष्णा, न्यूरोसर्जन का भी अत्यन्त आभारी हूँ।

अन्त में मैं उन सभी मनोचिकित्सकों, शास्त्रकारों, विद्वानों तथा अन्य सहयोगियों एवं विभिन्न वाचनालयों का आभारी हूँ। जिनकी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मुझे सहायता प्राप्त हुयी।

शोधकर्त्ता



(अनुराग पाठक)
महर्षि महेश योगी वैदिक
विश्वविद्यालय

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषयानुक्रमणिका

पुरोवाक्

विषय–प्रवेश

1– ज्योतिर्विज्ञान पृथ्वी का प्राचीनतम विज्ञान

2– ज्योतिर्विज्ञान संसार के सभी देशों में लोकप्रिय

3– इण्टरनेट पर करोड़ों वेबसाइटें

4– लोकप्रियता के बावजूद कटु आलोचकों की भी कमी नहीं

5– अनेक वैज्ञानिकों द्वारा विरोध तथा असहमति व्यक्त

6– ब्रिटिश ज्योतिषी पीटर मार्शल द्वारा वैज्ञानिकों की आलोचनाओं का उत्तर

7– संसार के अनेक अति प्रसिद्ध व्यक्ति भी ज्योतिष में विश्वास करते हैं

8– एलेन लियो की ज्योतिष पत्रिकायें सम्पूर्ण संसार में प्रचलित

9– पीटर मार्शल ने अति जटिल आलोचनाओं का उत्तर देते हुए यह बताया है कि ज्योतिषीय स्थितियां मानव मस्तिष्क में केवल प्रवृत्ति उत्पन्न करती हैं, बाध्यकारी आदेश नहीं देती (Stars incline but they do not compel)

10– ओशो रजनीश द्वारा ज्योतिष का सटीक विश्लेषण

11– ज्योतिष का वैश्वीकरण

12– ज्योतिष के 18 प्रवर्तकों में भारत के अतिरिक्त रोम का निवासी रोमक, एलेक्जेन्ड्रिया का निवासी पोलिश तथा अमेरिका का निवासी मय का नाम उल्लेखनीय है

13– रोमक के योरप का निवासी होना, पोलिश का अलेक्जेन्ड्रिया का निवासी होना तथा मय का अमेरिका निवासी होने का प्रमाण

14– ज्योतिष की प्राचीनता

क– वाल्मीकि रामायण में ज्योतिषीय स्थितियों का विवरण

ख– महाभारत में ज्योतिषीय स्थितियों का विवरण

15– ज्योतिष के आरम्भ काल का निर्णय

16– अति प्राचीन ग्रन्थ सूर्य सिद्धान्त के आधार पर इस ग्रन्थ के टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित ने ज्योतिष का आरम्भ काल 21 लाख वर्ष से कुछ अधिक माना है। इनकी गणना का

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आधार अग्रलिखित सिद्धान्त है।

क– सूर्य सिद्धान्त में उल्लिखित काल–गणना का सिद्धान्त

ख– वेद व्यास द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराणम में उल्लिखित काल गणना का सिद्धान्त

17– उपरोक्त काल गणना सिद्धान्तों का आधुनिक खगोल वैज्ञानिक जयन्त नारलीकर द्वारा समर्थन

18– गणित द्वारा ज्योतिष के आरम्भ काल को 21 लाख वर्ष से कुछ अधिक प्रमाणित करना।

19– रामेश्वरम तथा श्रीलंका के मध्य स्थित श्री राम के द्वारा निर्मित सेतु से भी काल निर्धारण सम्भव।

20– शोध प्रबन्ध का उद्देश्य ज्योतिष की वैज्ञानिकता को सिद्ध करना नहीं है तथापि उन तथ्यों को उजागर करना आवश्यक है जिनसे यह संकेत प्राप्त होते हैं कि ज्योतिष में कोई बहुत बड़ा विज्ञान है, जिसे आज का वैज्ञानिक अभी खोज नहीं सका है।

21– मेरे शोध प्रबन्ध का उद्देश्य मानसिक रोगों पर ज्योतिषीय प्रभावों के अध्ययन तक ही सीमित है।

22– ज्योतिष तथा चिकित्सा शास्त्र का घनिष्ठ सम्बन्ध।

23– आयुर्वेद के अनुसार एक कुशल चिकित्सक के लिए ज्योतिष का ज्ञान अत्युपयोगी।

24– अति प्राचीन तत्सम्बन्धी ज्योतिषीय सिद्धान्तों का पुनरावलोकन, परीक्षण तथा विज्ञान सेम्मत व्याख्या आज के युग की आवश्यकता।

अध्याय–प्रथम : मानसिक रोग तथा जातक शास्त्र के सिद्धान्त

1. ज्योतिर्विज्ञान और आयुर्वेद
2. शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य
3. रोग के दो अधिष्ठान 1– शरीर, 2– मन
4. प्राचीन भारतीय ज्ञान की सभी मुख्य विधायें भारतीय दर्शनशास्त्र पर ही आधारित
5. मन का निरूपण– योग दर्शन के परिप्रेक्ष्य में

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1— योग वासिष्ठ के अनुसार

2— पतञ्जलि के अनुसार

6. पाश्चात्य मनोवैज्ञानिकों द्वारा मन का विश्लेषण

क— सचेतनावस्था

ख— अवचेतनावस्था

ग— अचेतनावस्था

7. पाश्चात्य मनोविज्ञान तथा मनोरोग

फ्रायड तथा जुंग का मनोविश्लेषण सिद्धान्त

8. महर्षि पतञ्जलि का चित्त तथा फ्रायड के अचेतन मन में समानता— डा0 आर0पी0 सचदेव का शोध

9. आधुनिक शारीरिक मनोचिकित्सा

10. महर्षि इण्टरनशनल युनिवर्सिटी (U.S.A.) के वैज्ञानिकों द्वारा ग्रहों, राशियों, नक्षत्रों तथा मानव मस्तिष्क एवं स्नायु तंत्र के मध्य विद्यमान अन्तर्सम्बन्धों पर शोध।

क— केन्द्रीय स्नायु संस्थान

ख— सुषुम्ना तथा मस्तिष्क

ग— सुषुम्ना— ग्रे—मैटर, व्हाइट मैटर

घ— मस्तिष्क— विभिन्न भाग

ङ— श्रवण तथा दृष्टि आदि का अधिष्ठान

11. अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियां भी मनोभावनाओं को नियंत्रित करती हैं।

थायराइड आदि अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियां

12. शारीरिक रसायन— पित्त (Bile) तथा स्नायविक द्रव्य (Nervous Fluid) आदि।

13. युनिवर्सिटी आफ मैरीलैन्ड (U.S.A.) के वैज्ञानिकों द्वारा शारीरिक रसायन तथा ब्रम्हाण्ड के मध्य विद्यमान अन्तर्सम्बन्धों पर शोध।

14. विभिन्न शारीरिक रसायन— 1—पित्त (Bile), 2—स्नायविक द्रव्य (Nervous Fluid) आदि।

15. आधुनिक चिकित्सा के अनुसार मानसिक रोग के दो भाग

क— आर्गेनिक तथा नानआर्गेनिक

ख— आर्गेनिक तथा नानआर्गेनिक के विभिन्न प्रकार

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

16. आयुर्वेद के अनुसार मानसिक रोगों का वर्गीकरण

17. मनोरोग तथा ज्योतिष

18. प्राचीन मिश्र के ज्योतिषाचार्य क्राडियस टालेमी के ग्रन्थ में चिकित्सा ज्योतिष

19. योरोप तथा अमेरिका आदि देशों में चिकित्सा ज्योतिष

20. भारतीय ज्योतिष ग्रन्थ

क– होरा स्कन्ध

ख– सिद्धान्त स्कन्ध

ग– संहिता स्कन्ध

21. होरा तथा संहिता ही जातक शास्त्र है

22. जातक शास्त्र में रोग विचार के उपकरण

23. जातक शास्त्र के सिद्धान्त

क– योग तथा उनके प्रकार

ख– योगों के तीन तत्व– ग्रह, राशि, भाव

24. क– ग्रहों की प्रकृति

ख– शुभ तथा पाप ग्रह

ग– उच्च तथा नीच ग्रह

घ– ग्रहों का मैत्री विचार

ङ– ग्रहों का भाव कारकत्व

च– ग्रहों के विशिष्ट प्रभावों का कारकत्व

छ– ग्रहों तथा राशियों का बाधक होना

ज– ग्रहों के राशियों का स्वामी होगा

झ– ग्रहों की दृष्टि

ट– ग्रहों का बल

ठ– ग्रहों की अवस्था

25. क– राशियों के भेद

ख– राशियों की दृष्टि

ग– राशियों का रोगकारकत्व

26. रोग विचार के परिप्रेक्ष्य में नक्षत्रों की भूमिका

सभी 27 नक्षत्रों में होने वाले रोग

27. रोग विचार के परिप्रेक्ष्य में राशियों की भूमिका

28. रोग विचार के परिप्रेक्ष्य में भावों की भूमिका

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

29. द्रेष्काण के आधार पर अंगों का प्रतिनिधि भाव
31. भाव विचार की सामान्य विधि
32. भावों की कुछ महत्वपूर्ण संज्ञायें
33. भावों, ग्रहों तथा राशियों के पर्याय

अध्याय–द्वितीय जातक शास्त्र में मनोरोग विमर्श

1. आयुर्वेद तथा जातक ग्रन्थों में शारीरिक तथा मानसिक रोगों की परिभाषा।
2. ग्रहों की मानसिक स्थितियां (जातक पारिजात के अनुसार)
3. ग्रहों की मानसिक स्थितियों के नाम तथा इनका विवरण (सारावली के अनुसार)
4. ग्रहों की मानसिक स्थितियां– 1– जागृत, 2– स्वप्न, 3– सुषुप्ति आदि (वृहत् पाराशर होराशास्त्रम् के अनुसार)
5. ग्रहों की लज्जितादि अवस्थायें (वृहत् पाराशर होराशास्त्रम् के अनुसार)
6. ग्रहों की शयन आदि अवस्थायें (वृहत् पाराशर होराशास्त्रम् के अनुसार)
7. ग्रहों को रोग कारक बनाने वाले हेतु

1– त्रिक स्थान– षष्टम्, अष्टम् तथा द्वादश भाव

क– षष्टम् भाव (ग्रहों की स्थिति के अनुसार)

ख– षष्टम् भाव (षष्ठेश की स्थिति के अनुसार)

ग– षष्टम् भाव की समीक्षा

घ– अष्टम् भाव एवं द्वादश भाव

2– लग्न भाव–

क– लग्नस्थ ग्रहों का रोगकारकत्व

ख– जन्म लग्न का फल– जन्म के समय पूर्व क्षितिज में उदित राशि को जन्म लग्न कहते हैं। विभिन्न जन्म लग्नों का फल

ग– लग्नेश का रोगकारकत्व

घ– लग्न भाव की समीक्षा

3– अवरोहीपन

4– क्रूर षष्ठ्यंश में स्थिति

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

5– पाप ग्रहों से प्रभावित होना

क– पाप ग्रहों के मध्य में स्थित

ख– कर्तरी योग का होना

ग– पापग्रहों से युति तथा पाप ग्रहों की दृष्टि

6– राशि या भाव के स्वामी की अनिष्ट स्थान में स्थिति

7– भाव, राशि एवं उनके स्वामियों की निर्बलता

8– भाव से चतुर्थ, अष्टम एवं द्वादश में या त्रिकोण स्थान में पाप ग्रहों का होना

9– शुभ ग्रहों का प्रभाव न होना

8– रोगों के सम्भावित समय का ज्ञान – विंशोत्तरी दशा

1– दशा द्वारा रोगोत्पत्ति काल का ज्ञान

क– सूर्य की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

ख– चन्द्रमा की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

ग– मङ्गल की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

घ– बुध की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

ङ– गुरू की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

च– शुक्र की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

छ– शनि की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

ज– राहु की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

झ– केतु की दशा में उत्पन्न होने वाले मानसिक रोग

2– अन्तर्दशा द्वारा रोगोत्पत्ति काल का निर्णय

क– सूर्य की महादशा में विभिन्न ग्रहों की अन्तर्दशा आने पर उत्पन्न होने वाले रोगों की तालिका

3– किस ग्रह की प्रत्यन्तर दशा में कौन–कौन से मानसिक रोग होंगे।

4– किस ग्रह की सूक्ष्म दशा में कौन–कौन से मानसिक रोग होंगे।

5– किस ग्रह की प्राण दशा में कौन–कौन से मानसिक रोग होंगे।

6– गोचरीय ग्रह स्थिति द्वारा रोग आरम्भ काल का ज्ञान।

9– विभिन्न जातक ग्रन्थों में उल्लिखित मनोरोगों के योग

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1— उन्माद रोग के विभिन्न योग
2— अपस्मार रोग के विभिन्न योग
3— कलहप्रिय होने के योग
4— प्रमाद एवं उसके योग
5— पिशाच–पीड़ा योग
6— जड़ता और उसके योग
7— शाप एवं अभिचार जन्य रोगों के योग
8— बुद्धिहीनता के योग
9— क्रोधी होने के योग
10— कायर होने के योग
11— द्रोहकर्ता होने के योग
12— दुर्व्यसन के योग

अध्याय तृतीय

उन्माद

1— आयुर्वेद के अनुसारः—
(I)— उन्माद रोग का परिचय
(II) उन्माद रोग के प्रकार
क— वातज
ख— पित्तज
ग— कफज
घ— सन्निपातज
ङ— आगन्तुज
3— वातज उन्माद के लक्षण
4— पित्तज उन्माद के लक्षण
5— कफज उन्माद के लक्षण
6— सन्निपातज उन्माद के प्रकार और उनके भिन्न–भिन्न लक्षण
7— भूतोन्माद के प्रकार और उनके भिन्न–भिन्न लक्षण
2— जातक ग्रन्थों के अनुसारः—
1— जातक ग्रन्थों में उल्लिखित उन्माद रोग के प्रकार— 1— वातजन्य, 2—पित्तजन्य, 3— कफजन्य, 4— सन्निपातजन्य, 5— आगन्तुज

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2– जातक ग्रन्थों के अनुसार वातजन्य उन्माद के लक्षण

3– पित्तजन्य उन्माद के लक्षण

4– जातक ग्रन्थों के अनुसार कफजन्य उन्माद के लक्षण

5– जातक ग्रन्थों के अनुसार सन्निपातजन्य उन्माद के लक्षण

6– जातक ग्रन्थों के अनुसार आगन्तुज उन्माद के लक्षण

7– जातक ग्रन्थों में भूत–प्रेत, किन्नर, यक्ष, ब्रम्हराक्षस, गन्धर्व आदि से भय एवं पीड़ा।

3– जातकग्रन्थों में उल्लिखित उन्माद रोग के विभिन्न योग

4– अनेक उन्माद रोग से पीड़ित रोगियों से सम्पर्क तथा उनकी जन्म कुण्डलियों की समीक्षा।

अध्याय चतुर्थ — अपस्मार

1– आयुर्वेद के अनुसारः–

1– आयुर्वेद के अनुसार अपस्मार रोग का परिचय

2– रोग के सामान्य लक्षण

3– अपस्मार रोग के भेद– 1– वातज, 2– पित्तज, 3– कफज, सन्निपातज

4– वातज अपस्मार के लक्षण

5– पित्तज अपस्मार के लक्षण

6– कफज अपस्मार के लक्षण

7– सन्निपातज अपस्मार के लक्षण

2– जातक ग्रन्थों के अनुसारः–

1– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित अपस्मार रोग का परिचय

2– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित अपस्मार रोग के लक्षण

3– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित अपस्मार रोग के विभिन्न योग

4– विभिन्न अपस्मार रोगियों से सम्पर्क तथा उनकी जन्मकुण्डलियों की समीक्षा।

अध्याय पंचम — अतत्वाभिनिवेश एवं मनोविक्षिप्ति

1– आयुर्वेद के अनुसारः–

1– आयुर्वेद के अनुसार अतत्वाभिनिवेश रोग का परिचय

2– अतत्वाभिनिवेश रोग के लक्षण

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

3– मनोविक्षिप्ति रोग का परिचय

4– मनोविक्षिप्ति रोग के लक्षण

2– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित अतत्वाभिनिवेश एवं मनोविक्षिप्ति रोग के लक्षण तथा उनके योग।

3– अतत्वाभिनिवेश तथा मनोविक्षिप्ति रोग से पीड़ित रोगियों से सम्पर्क तथा उनकी जन्मकुण्डलियों की समीक्षा।

अध्याय षष्टम — विसाद–अवसाद, अव्यवस्थित चित्तता : अन्तराबन्ध **Depression, Schizophrenia**

1– आयुर्वेद के अनुसारः–

1– आयुर्वेद के अनुसार–विसाद अवसाद रोग का परिचय

2– विसाद–अवसाद रोग के लक्षण

3– अव्यवस्थित चित्तता : अन्तराबन्ध रोग का परिचय

4– अव्यवस्थित चित्तता : अन्तराबन्ध रोग के लक्षण

2– जातक ग्रन्थों के अनुसार–

1– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित विषाद–अवसाद एवं अव्यवस्थित चित्तता रोग के लक्षण।

3– क– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित विषाद अवसाद रोग के योग।

ख– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित अव्यवस्थित चित्तता रोग के योग।

4– विषाद–अवसाद तथा अव्यवस्थित चित्तता रोगों से पीड़ित रोगियों से सम्पर्क तथा उनकी जन्म कुण्डलियों की समीक्षा।

अध्याय सप्तम — भ्रम, विभ्रम या अवस्तुबोधन, संविभ्रम : स्थिर व्यामोह, मिथ्या विश्वास संघर्ष

1– आयुर्वेद के अनुसारः–

1– आयुर्वेद के अनुसार भ्रम रोग का परिचय

2– भ्रम रोग के लक्षण

3– विभ्रम या अवस्तुबोधन रोग का परिचय

4– विभ्रम या अवस्तुबोधन रोग के लक्षण

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

5– संविभ्रम : स्थिर व्यामोह रोग का परिचय

6– उपरोक्त रोगों के लक्षण

7– व्यामोह– मिथ्या विश्वास संघर्ष रोग का परिचय

8– उपरोक्त रोगों के लक्षण

2– जातक ग्रन्थों के अनुसार–

1– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित उपरोक्त रोगों के लक्षण

3– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित उपरोक्त रोगों के योग।

4– उपरोक्त रोगों से पीड़ित रोगियों से सम्पर्क तथा उनकी जन्म कुण्डलियों की समीक्षा।

अध्याय अष्टम — मनोनाड़ी दौर्बल्य– मनःश्रान्ति, मनोग्रन्थि (हठ और बाध्यता युक्त मानसिक रोग)

1– आयुर्वेद के अनुसारः–

1– आयुर्वेद के अनुसार मनोनाड़ी दौर्बल्य : मनःश्रान्ति रोग का परिचय

2– उपर्युक्त रोगों के लक्षण

3– मनोग्रन्थि रोग का परिचय

4– उपर्युक्त रोग के लक्षण

2– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित उपर्युक्त रोगों के लक्षण

3– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित उपर्युक्त रोगों के योग।

4– उपर्युक्त रोगों से पीड़ित रोगियों से सम्पर्क तथा उनकी जन्म कुण्डलियों की समीक्षा।

अध्याय–नवम् — वृद्धावस्थाजन्य मनोविकार

1– आयुर्वेद के अनुसार–

1– रोग परिचय

2– रोग लक्षण

2– जातक ग्रन्थों के अनुसार

1– दीर्घायु योग

2– मार्केश निर्णय

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

3– वृद्धावस्था जन्य मानसिक रोगियों से सम्पर्क तथा उनकी जन्मकुण्डलियों की समीक्षा।

अध्याय दशम् **आधुनिक विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में ज्योतिर्विज्ञान के सिद्धान्तों की समीक्षा**

1– ज्योतिष एक अद्भुत विज्ञान।

2– सन् 1976 में 186 वैज्ञानिकों द्वारा ज्योतिष का विरोध।

3– विरोध तो सापेक्षवाद के सिद्धान्त के जनक अल्बर्ट आइन्सटीन का भी हुआ था। (स्टीफन हाकिन्स के अनुसार)

अतएव विरोध से महत्व नहीं घटता।

4– फ्रिटजाफ कैपरा के अनुसार विज्ञान की अवधारणा में क्रान्तिकारी परिवर्तन आ रहा है।

5– ज्योतिष का उद्भव ब्रम्हाण्ड विज्ञान से हुआ, जो अति प्राचीन काल में अपने उन्नत शिखर पर था।

अतएव ज्योतिष की वैज्ञानिकता के परीक्षण के लिए अति प्राचीन ब्रम्हाण्ड विज्ञान तथा आधुनिक ब्रम्हाण्ड विज्ञान की तुलना आवश्यक है।

6– आधुनिक ब्रम्हाण्डिकीय (Cosmology) के क्षेत्र में अद्भुत अनुसंधान– प्रमुख वैज्ञानिक लाइन्डे एन्ड्रेई तथा ब्रायन ग्रीन।

7– अनेक वैज्ञानिक विज्ञान और अध्यात्म में समन्वय स्थापित करने में संलग्न है। जैसे– फ्रिटजाफ कैपरा तथा लाइन्डे एन्ड्रेई आदि।

8– योग वासिष्ठ तथा अनेक अन्य भारतीय ग्रन्थों में ब्रम्हाण्ड से सम्बन्धित अद्भुत वैज्ञानिक सिद्धान्तों का उल्लेख।

9– आधुनिक विज्ञान तथा योग वासिष्ठ में उल्लिखित 1– ब्रम्हाण्ड के मूल कण, 2–अन्तरिक्ष, 3– सृष्टि रचना, 4– सृष्टि के रचयिता आदि के सिद्धान्तों का तुलनात्मक अध्ययन।

क– ब्रम्हाण्ड का मूल कणः–

(1) आधुनिक विज्ञान के अनुसार ब्रम्हाण्ड का मूल कण।

(2) योग वासिष्ठ के अनुसार ब्रम्हाण्ड का मूल कण।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ख– अन्तरिक्षः–

(1) आधुनिक विज्ञान के अनुसार अन्तरिक्ष।

(2) योग वाष्ठि के अनुसार अन्तरिक्ष।

ग– सृष्टि रचनाः–

(1) आधुनिक विज्ञान के अनुसार सृष्टि रचना।

(2) योग वासिष्ठ के अनुसार सृष्टि रचना।

घ– सृष्टि के रचयिताः–

(1) आधुनिक विज्ञान के अनुसार सृष्टि के रचयिता।

(2) प्राचीन भारतीय ग्रन्थों के अनुसार सृष्टि के रचयिता।

क– विश्वामित्र द्वारा अपने तपोबल तथा अपने ज्ञान विज्ञान से एक नवीन सृष्टि की रचना का अद्भुत उदाहरण।

ख– ब्रह्मा द्वारा सृष्टि रचना।

10– प्राचीन भारत का उच्च विज्ञान जिससे ज्योतिष विज्ञान विकसित हुआ था, वह अब विस्मृत हो चुका है।

11– प्राचीन यूनानी विद्वान प्लेटो तथा आधुनिक विचारक ओशो रजनीश का कथन।

12– भारत में अति प्राचीन काल में विकसित विज्ञान के सम्बन्ध में विश्वविख्यात अन्वेषक एवं विद्वान एरिक वॉन डेनिकन का कथन।

13– उच्च विज्ञान के विनष्ट होने का सम्भावित कारण–

प्राकृतिक आपदायें– जिनका उल्लेख महाभारत में है।

14– प्राचीन विज्ञान विस्मृत हो चुके हैं। अतएव ज्योतिष के वैज्ञानिक आधारशिलाओं की पुनः खोज आवश्यक।

15– ज्योतिष की आधारशिलाओं से सम्बन्धित निम्नलिखित सिद्धान्त उल्लेखनीय है–

(1) यथा पिण्डे तथा ब्रम्हाण्डे का सिद्धान्त।

(2) पाइथागोरस द्वारा प्रतिपादित ब्रम्हाण्डीय लयबद्धता का सिद्धान्त।

(3) महर्षि इण्टरनेशनल युनिवर्सिटी द्वारा इस सम्बन्ध में किया हुआ अनुसंधान।

(4) आकाशीय पिण्डों में आकर्षण शक्ति।

(5) लोबसांग राम्पा का कथन।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

(6) स्वामी विशुद्धानन्द द्वारा प्रतिपादित सूर्य सिद्धान्त।

(7) ओशो रजनीश द्वारा विज्ञान सम्मत विश्लेषण।

(8) जातक ग्रन्थों में उल्लिखित प्रेत–बाधा, शाप तथा अभिचार जन्य रोगों के सम्बन्ध में विवेचन।

अध्याय एकादश

उपसंहार

1– शोध प्रक्रिया का निष्कर्ष

2– शोध प्रक्रिया के क्रम में पूछे जाने वाले कुछ सामान्य प्रश्न यथा– यदि हमारा जीवन आकाशीय पिण्डों के प्रभाव से ही संचालित होता है तो हमारा मानव जीवन यंत्रवत हो गया, फिर हमारे कर्मों का क्या महत्व रह जाता है?

3– उपर्युक्त प्रश्न का उत्तर–

ज्योतिष शास्त्र के 18 प्रवर्तक– इनमें महर्षि वेद व्यास तथा महर्षि वसिष्ठ का तत्सम्बन्धी विचार महत्वपूर्ण है।

4– महर्षि वेद व्यास द्वारा कर्म और भाग्य के सिद्धान्तों का विवेचन

5– महर्षि वसिष्ठ द्वारा कर्म और भाग्य के सिद्धान्तों का विवेचन

6– कर्म फल और ग्रह फल की समीक्षा

1– प्रश्न– यदि किसी ने जीवन भर दुष्कर्म किया हो किन्तु यदि उसका जन्म शुभ ग्रह नक्षत्रों में हो गया तो क्या उसका अगला जीवन सुखमय हो जायेगा?

2– उत्तर– जिस प्रकार के हमारे पूर्व काल में किये हुए कर्म होते हैं, उसी प्रकार के प्रभाव वाले ग्रह नक्षत्रों में हमारा जन्म होता है। अर्थात सूक्ष्म शरीर भी ग्रह नक्षत्रों से प्रभावित होता है।

7– वेद व्यास द्वारा किये गये तत्सम्बन्धी उल्लेख (भीष्म का प्राण त्याग के लिए उत्तरायण तक प्रतीक्षा) से यह सिद्धान्त स्पष्ट होता है।

8– आकस्मिक तथा संयोगवश घटने वाली घटनाओं के ज्योतिषीय कारणों का विवेचन।

9– आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में ज्योतिष का उपयोग।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

संकेत विवरण

1. 5/8 – आदि अंकों का तात्पर्य है कि अध्याय पांच का आठवां श्लोक

2. 5/19/1 – आदि अंकों का तात्पर्य है कि पांचवे अध्याय के 19वें सूत्र की पहली पंक्ति

3. ——— – प्रत्येक पृष्ठ पर नीचे सन्दर्भ में जो ग्रन्थों के नाम दिये गये हैं, उनके प्रकाशक का नाम तथा प्रकाशन वर्ष आदि का उल्लेख "संदर्भ ग्रन्थों की सूची" (Bibliography) में किया गया है। पुनरूक्ति दोष के भय से इनका उल्लेख अलग–अलग पृष्ठों पर नहीं किया गया है।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

परिशिष्ट सूची

1. परिशिष्ट–1 – समाचार पत्र से उद्धृत, जो ज्योतिष की लोकप्रियता का द्योतक है।

2. परिशिष्ट–2 – गैरी लैकमैन (Gray Lachman) का लेख जो "द गार्जियन (The Guardian) लंदन में प्रकाशित हुआ था।

3. परिशिष्ट–3 – नासा (Nasa) द्वारा प्रकाशित राम सेतु का चित्र तथा तत्सम्बन्धी टिप्पणी, जो ज्योतिष की भी प्राचीनता का द्योतक है।

4. परिशिष्ट–4 – चित्र में ग्रहों, राशियों तथा नक्षत्रों का मानव मस्तिष्क एवं स्नायु तंत्र के मध्य विद्यमान अंतर्सम्बन्धों को दिखलाया गया है।

5. परिशिष्ट–4ए – चित्र में मानव मस्तिष्क के विभिन्न भागों के नाम का हिन्दी रूपान्तरण दिखलाया गया है।

6. परिशिष्ट–5 – युनिवर्सिटी आफ मैरीलैण्ड के वैज्ञानिकों द्वारा शारीरिक रसायन तथा ब्रम्हाण्ड के मध्य विद्यमान अंतर्सम्बन्धों पर शोध।

7. परिशिष्ट–6 – चित्र में ग्रहों, राशियों तथा नक्षत्रों का शरीर के विभिन्न अंगों से सम्बन्ध।

8. परिशिष्ट–7 – आधुनिक विज्ञान का क्वान्टम का सिद्धान्त तथा योग दर्शन में उल्लिखित चिति तत्व में समानता प्रदर्शित।

9. परिशिष्ट–8 – प्राचीन सरस्वती नदी का सेटेलाईट से लिया गया चित्र (महाभारत में उन ज्योतिषीय स्थितियों का उल्लेख है जिससे अनेक बड़ी नदियाँ लुप्त हो गयी थीं)।

10. परिशिष्ट–9 – चित्र में ग्रहों तथा नक्षत्रों का मानव मस्तिष्क से अंतर्सम्बन्ध दिखलाया गया है।

11. परिशिष्ट–10 – चित्र में ग्रहों का मस्तिष्क के विभिन्न भागों से अंतर्सम्बन्ध दिखलाया गया है।

12. परिशिष्ट–11 – नक्षत्रों का मस्तिष्क के विभिन्न भागों से अंतर्सम्बन्ध दिखलाया गया है।

13. परिशिष्ट–12 – चित्र में 12 राशियों का मस्तिष्क के विभिन्न भागों से अंतर्सम्बन्ध दिखलाया गया है।

14. परिशिष्ट–13 – लोब सांग राम्पा द्वारा प्रकाशित चित्र– मानव शरीर के चारो ओर इथरिक का आवरण।

15. परिशिष्ट–14 – लोब सांग राम्पा द्वारा प्रकाशित चित्र– मानव शरीर के चारो ओर प्रभामण्डल (Aura) का आवरण।

16. परिशिष्ट–15 – लोब सांग राम्पा द्वारा प्रकाशित चित्र– मानव शरीर के चारो ओर प्रभामण्डल का अण्डाकार आवरण।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

पुरोवाक्

ज्यौतिर्विज्ञान एक गूढ़ विज्ञान है। इस पर शोध करने की कल्पना मात्र से ही सूरज को दीपक दिखाने जैसी अनुभूति होने लगती है, क्योंकि जो 18 महर्षिगण इस विज्ञान के प्रवर्तक माने गये हैं, वे सभी तपोबल से सम्पन्न तथा दिव्य दृष्टि से युक्त थे, जो जड़ जगत तथा चैतन्य जगत, दोनों के सम्यक् ज्ञाता थे, इसीलिए इस गहन विज्ञान को समझ सकने में समर्थ थे। वस्तुतः ज्योतिर्विज्ञान कोई सामान्य विज्ञान नहीं, अपितुक अति विशिष्ट विज्ञान है। इस विज्ञान के सम्बन्ध में सूर्य सिद्धान्त नामक प्राचीन ग्रन्थ में उल्लिखित विवरण द्रष्टव्य है, जो निम्नलिखित है:–

"ग्रह नक्षत्रों से सम्बन्धित यह ज्ञान सम्पूर्ण शास्त्रों में उत्कृष्ट तथा दिव्य है। इसे जानकर व्यक्ति सूर्य लोक में अथवा ब्रम्ह लोक में शाश्वत स्थान पाता है।[1] पुनः कहा गया है कि–

"यह ज्योतिर्विज्ञान भूलोक का अत्यन्त अद्भुत तथा रहस्यमय एवं ब्रम्हतुल्य ज्ञान है।"[2]

ऐसे ज्ञान को आज वैज्ञानिक ढंग से समझ पाना कठिन प्रतीत हो रहा है, जिसका प्रथम कारण तो यह है कि वैज्ञानिक क्षेत्रों में कार्यरत व्यक्तियों को प्राचीन वैदिक शास्त्रों का ज्ञान नहीं है और वैदिक विद्वानों का सामान्यतः आधुनिक विज्ञान का ज्ञान नहीं के बराबर है।

द्वितीय कारण यह है कि आज का मानव अभी जड़ संसार की खोज से ऊपर

1– दिव्यं चाक्षं ग्रहाणां च दर्शितं ज्ञानमुत्तमम्।।
विज्ञायार्कादिलोकेषु स्थानं प्राप्नोति शाश्वतम्।।24।।

सूर्य सिद्धान्त– टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित, अध्याय–14, श्लोक–24, पृष्ठ–478 प्रकाशक– चौखम्भा संस्कृत प्रतिष्ठान– 38 यू0ए0, बंग्लो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली–110007

2– स तेभ्यः प्रददौ प्रीतो ग्रहाणां चरितं महत्।।
अत्यद्भुततमं लोके रहस्यं बम्हसम्मितम्।।28।।

तत्रैव अध्याय–14, श्लोक–28, पृष्ठ–483

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

नहीं उठ सका है। वस्तुतः ज्योतिर्विज्ञान इस धरती का अति श्रेष्ठ तथा विशिष्ट विज्ञान है जो जड़ तथा चैतन्य, दोनों में तारतम्य स्थापित करता है।

कदाचित् इसी कारण वराहमिहिर जैसे उद्भट् विद्वान भी ज्योतिष शास्त्र को महासमुद्र तथा अपने स्वरचित ग्रन्थ को एक छोटी नौका से तुलना करते हुए कहते हैं कि–

"होराशास्त्र रूपी बहुत विशाल समुद्र के पार जाने के लिए एक शास्त्र रूपी नौका बनाना प्रारम्भ कर रहा हूँ"।[3]

प्राचीन शास्त्रों को आधुनिक तथा युगानुकूल विचारों के द्वारा ही बोधगम्य बनाया जा सकता है, अतएव ज्योतिष शास्त्र के लिए आज के विज्ञान सम्मत व्याख्या की आवश्यकता है। किसी भी ज्ञान को यदि परिवर्तित युग अनुसार युगानुकूल न बनाया जाय तो वह ज्ञान प्रगति की दौड़ में पिछड़ जाता है और धीरे–धीरे उपेक्षित होकर लुप्त होने लगता है।

इसीलिए ब्रिटेन के प्रसिद्ध ज्योतिषी रिचर्ड नोले ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक क्रिटिकल एस्ट्रोलोजी : इनवेस्टीगेटिंग द कास्मिक कनेक्शन (Critical Astrology : Investigating the cosmic connection) में ज्योतिष पर आज के नवीन परिप्रेक्ष्य में पुनः शोध की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने ज्योतिष पर शोध के लिए निम्नलिखित विधि तथा प्रक्रिया को अपनाने का सुझाव दिया है।[4]

3– होरातन्त्रमहार्णवप्रतरणे भग्नोद्यमानामहं,
स्वल्पं वृत्तविचित्रमर्थबहुलं शास्त्रप्लवं प्रारम्भे।।2।। वृहज्जातकम (आचार्य वराहमिहिर विरचित) व्याख्याकार– डा0 सुरेश चन्द्र मिश्र, पृष्ठ–20) प्रकाशक– रंजन पब्लिकेशन, 16, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली संस्करण 2005

4– Contents: The need for critical astrology. Is astrology ready for its own future? Three steps to research; the need for historical research in astrology; Adapting statistical methods to astrology; Basic statistical astrology techniques; Problems and perspectives in astrological research; Science or psience?
www.book.Critical Astrology: Investigating the Cosmic Connection- Richard Nolle (Obtained through Internet).

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– ज्योतिष के प्राचीन इतिहास की खोज।

2– ज्योतिषीय सिद्धान्तों के परीक्षण के लिए सांख्यिकीय विधि अपनाना।

3– ज्योतिष से सम्बन्धित समस्याओं तथा सम्भावनाओं का उल्लेख तथा इसके विज्ञान सम्मत होने की खोज।

प्रसिद्ध जर्मन मनोवैज्ञानिक सी0जी0 जुंग भी ज्योतिष शास्त्र में अभिरूचि रखते थे। उन्होंने भी ज्योतिष पर शोध किया था। उनके शोध का विषय था "विवाहित दम्पत्तियों के जीवन पर ज्योतिषीय स्थितियों का प्रभाव"। शोध निबन्ध का शीर्षक था "ज्योतिष का प्रायोगिक परीक्षण (An Astrological Experiment)" अपने इस शोध का विवरण उन्होंने अपनी सिन्क्रोनीसिटी : एन एकाजल कनेक्टिंग प्रिंसिपुल (Syncronicity : An Acausal connecting principle)" नामक पुस्तक में प्रस्तुत किया है। अपने शोध की प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा है कि–

"परीक्षण के उद्देश्य से विभिन्न विवाहित दम्पत्तियों की जन्म कुण्डलियां ज्यूरिच, लंदन, रोम तथा वियना आदि स्थानों से इकट्ठी की गयी। सभी ने स्वेच्छा से अपनी जन्म कुण्डलियां भेजी थीं। कुल 180 दम्पत्तियों की कुण्डलियां (360 जन्म कुण्डलियां) एकत्रित हुई।"[5]

इन कुण्डलियों का परीक्षण किया गया तथा निष्कर्ष यह प्राप्त हुआ कि "यद्यपि यह कोई नहीं जानता कि जन्मपत्रियों के जीवन पर प्रभाव का विज्ञान सम्मत

5– The material to be examined, namely a quantity of marriage horoscopes, was obtained from friendly donors in Zurich, London, Rome, and Veinna. Originally the material had been put together for purely astrological purposes.
C.G. Jung- Synchronicity : An acausal Connecting Principle, Chapter (An Astrological Experiment) Page 60. Publisher- Routledge & Kegan Paul Ltd. 39- Store Street, London Edition 1981.

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आधार क्या है, किन्तु यह विचारणीय तथ्य है कि ग्रह नक्षत्रों की स्थिति तथा मनोदैहिक अवस्थाओं में कार्य–कारण का सम्बन्ध विद्यमान है।[6]

मुझे ब्रिटिश ज्योतिषी रिचर्ड नोले द्वारा लिखित पुस्तक में दिये गये उपर्युक्त सुझाव तथा प्रसिद्ध जर्मन मनोवैज्ञानिक सी0जी0 जुंग द्वारा अपनायी गयी प्रक्रियायें किसी भी ज्योतिष से सम्बन्धित शोध के लिए सर्वाधिक उपयुक्त प्रतीत हुई।

अतएव इन्हीं आधारों पर मैंनें मानसिक रोगों के ज्योतिषीय कारणों की प्रायोगिक समीक्षा पर शोध हेतु प्रारूप तैयार किया।

विषय की नवीनता को देखते हुए परम पूज्य विभागाध्यक्ष श्री बृजेश शुक्ल जी ने तथा विश्वविद्यालय की तदर्थ नियुक्त समिति के माननीय गुरूजनों ने स्वीकृति प्रदान की जिससे मुझे अतीव प्रसन्नता हुई।

अपनी शोध प्रक्रिया के क्रम में मुझे अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। सबसे बड़ी कठिनाई यह थी कि प्रायः मानसिक रोगियों की जन्म कुण्डलियां उनके घर वाले देना नहीं चाहते, विशेषतः यदि वह रोगी अविवाहित महिला हो तब तो बिल्कुल ही नहीं देते। कदाचित उनके मन में यह भय रहता है कि यदि इस रोग के विषय में अन्य लोग जान जायेंगे तो विवाह में अड़चनें आ सकती हैं। जिन लोगों ने जन्म कुण्डलियां दी भी तो उन्होंने अपना नाम तथा पता पूरी तरह गोपनीय रखने का आश्वासन लिया। जन्म कुण्डलियां को प्राप्त करने के लिए मैने किंग जार्ज मेडिकल कालेज, लखनऊ के मानसिक चिकित्सा विभाग में तथा नूर मंजिल

6- Although nobody knows what the validity of a nativity horoscope rests on, it is just conceivable that there is a causal connection between the planetary aspects and the psycho-physiological disposition.
तत्रैव पृष्ठ-62

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लखनऊ में स्थित मानसिक चिकित्सालय में अनेक बार जाकर विभिन्न प्रकार के मानसिक रोगियों के अभिभावकों से सम्पर्क कर रोगियों की जन्म कुण्डलियां प्राप्त की है। इन जन्म कुण्डलियां में जो महिलाओं की जन्म कुण्डलियां हैं, उनके नाम तथा पता को मैने परिवर्तित कर दिया है।

दूसरी कठिनाई जातक ग्रन्थों से सम्बन्धित है। जातक ग्रन्थों में अनेक श्लोक ऐसे हैं जो दो या दो से अधिक ग्रन्थों में उसी रूप में मिलते हैं। इसका कारण यह है कि विभिन्न जातक ग्रन्थों के श्लोक भी अति प्राचीन ग्रन्थों से ही संकलित किये गये हैं। प्राचीन ग्रन्थकारों की यह विशेषता थी कि वे लोग अपना नाम विख्यात करना इतना आवश्यक नहीं समझते थे जितना कि अपने ग्रन्थ और तद्गत सिद्धान्तों का प्रसार।

डा0 भीखन लाल आत्रेय ने अति प्राचीन विद्वानों की इस प्रवृत्ति को उच्च कोटि का आत्म त्याग माना है किन्तु उनका यह भी कहना है कि उनकी इस प्रवृत्ति के कारण अनेक प्राचीन ग्रन्थों के मूल लेखकों के सम्बन्ध में विवाद उत्पन्न हो जाते हैं तथा उनका काल भी निर्धारण नहीं हो पाता।[7]

सन्दर्भ श्लोकों के सम्बन्ध में भ्रम की स्थिति दूर करने के लिए मैनें जिन जातक ग्रन्थों से श्लोकों को उद्धृत किया है, उस ग्रन्थ का नाम, और पृष्ठ संख्या तथा श्लोक संख्या उसी सम्बन्धित पृष्ठ पर दिया है किन्तु ग्रन्थ के प्रकाशक का नाम तथा प्रकाशन वर्ष आदि सम्पूर्ण सूचनायें पृथक रूप से अंतिम पृष्ठों पर "संदर्भ पुस्तक सूची" में दे दिया गया है।

7- डा0 भीखन लाल आत्रेय- योग वासिष्ठ और उसके सिद्धान्त, पृष्ठ-11
प्रकाशक- श्रीकृष्ण जन्म सेवा संस्थान, मथुरा- संस्करण-2003

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

शोध निबन्ध के विभिन्न अध्यायों का नियोजन निम्नलिखित क्रम के अनुसार किया गया है।

विषय प्रवेशः–

शोध प्रबन्ध के विषय प्रवेश में ज्योतिर्विज्ञान के परिचय पर प्रकाश डालते हुए यह बतलाया गया है कि ज्योतिष केवल भारत ही नहीं अपितु संसार के लगभग सभी प्राचीन संस्कृतियों में विद्यमान है तथा आज भी संसार के अधिकांश जन इस पर विश्वास करते हैं, जिनमें संसार के अनेक अति प्रसिद्ध व्यक्ति भी सम्मिलित हैं। ब्रिटिश ज्योतिषी पीटर मार्शल तथा भारतीय विद्वान ओशो रजनीश के द्वारा ज्योतिष के पक्ष में प्रस्तुत की गयी तर्कपूर्ण व्याख्या का भी उल्लेख किया गया है।

ज्योतिष की प्राचीनता का उल्लेख करते यह बतलाया गया है कि ज्योतिषीय तथ्यों तथा स्थितियों का उल्लेख वेदों, वाल्मीकीय रामायण तथा महर्षि वेद व्यास द्वारा रचित महाभारत आदि अति प्राचीन ग्रन्थों में विद्यमान है। यह भी बतलाया गया है कि सूर्य सिद्धान्त के टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित ने ज्योतिष का आरम्भ लगभग 21 लाख वर्ष पूर्व का माना है। यह गणना उन्होंने सूर्य सिद्धान्त में उल्लिखित काल गणना के सिद्धान्त के आधार पर की है। काल गणना के इस अति प्राचीन सिद्धान्त को प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिक जयन्त नारलीकर ने आधुनिक वैज्ञानिक काल गणना के सिद्धान्तों के आधार पर अद्भुत रूप से सत्य माना है।

इस काल गणना की प्रमाणिकता में नासा द्वारा प्रकाशित रामेश्वरम् तथा श्रीलंका के मध्य समुद्र में डूबे हुए एक मानव निर्मित सेतु का भी उल्लेख किया गया है जिसकी कालावधि नासा ने अपने वैज्ञानिक अन्वेषणों से 1760000 वर्ष पूर्व का निर्धारित किया है।

इस प्रकार विभिन्न प्रमाणों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि सूर्य

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

सिद्धान्त के टीकाकार पं0 माधव प्रसाद पुरोहित का यह कथन कि ज्योतिष लगभग 2160000 वर्ष पूर्व का विज्ञान है, लगभग सत्य प्रतीत होता है।

ज्योतिषीय स्थितियों तथा मानसिक रोगों में अन्तर्निहित सम्बन्धों का भी उल्लेख करते हुए यह बतलाया गया है कि आयुर्वेद में अति प्राचीन काल से ही चिकित्सा में ज्योतिष का उपयोग किया जाता था। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में भी ज्योतिष के उपयोग पर आज अनेक ग्रन्थ यूरोप तथा अमेरिका आदि देशों में प्रकाशित हो चुके हैं।

मानव मस्तिष्क शरीर का सर्वाधिक संवेदनशील भाग है। यह सूक्ष्मातिसूक्ष्म प्रभावों को भी ग्रहण करता है, अतएव आज के आधुनिक परिप्रेक्ष्य में तत्सम्बन्धी अति प्राचीन ज्योतिषीय सिद्धान्तों का पुनरावलोकन, परीक्षण तथा विज्ञान सम्मत व्याख्या आज के युग की महती आवश्यकता है।

प्रथम अध्यायः– प्रथम अध्याय में मन तथा मनोरोग एवं ज्योतिषीय स्थितियों से सम्बन्धित मूलभूत तथ्यों पर प्रकाश डाला गया है।

समस्त प्राचीन भारतीय ज्ञान–विज्ञान दर्शन शास्त्र पर आधारित है। एतएव मन पर विचार प्रक्रिया का आरम्भ भी दार्शनिक सिद्धान्तों की पृष्ठभूमि से शुरू करते हुए योग दर्शन के परिप्रेक्ष्य में मन का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है।

तत्पश्चात फ्रायड तथा जुंग आदि मनोवैज्ञानिकों द्वारा प्रतिपादित मनोविश्लेषणवादी सिद्धान्तों की भी चर्चा की गयी है।

इसके पश्चात आधुनिक मनोचिकित्सा के नवीनतम अनुसंधानों के अनुसार केन्द्रीय स्नायु संस्थान, मस्तिष्क और सुषुम्ना में स्थित ग्रे मैटर तथा व्हाइट मैटर एवं मस्तिष्क के विभिन्न भागों में स्थित श्रवण आदि अधिष्ठानों का विवरण दिया गया है। साथ–साथ यह भी बतलाया गया है कि अनेक अन्तःस्त्रावी ग्रन्थियां तथा पित्त

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

आदि शारीरिक रसायन भी मनोभावनाओं को प्रभावित करते हैं।

ज्योतिषीय स्थितियां मनोवृत्तियों को सर्वांगीण प्रभावित करती हैं। इसे स्पष्ट करने के लिए जातक शास्त्र के विभिन्न सिद्धान्तों यथा– ज्योतिषीय योगो के तीन तत्व– ग्रह, राशि तथा भाव की चर्चा करते हुए ग्रहों की प्रकृति, ग्रहों का शुभत्व तथा पापत्व, ग्रहों का उच्च तथा नीच का होना, ग्रहों का मैत्री विचार, ग्रहों का भाव कारकत्व, ग्रहों तथा राशियों का बाधक होना, ग्रहों की दृष्टि, ग्रहों का बल, ग्रहों की अवस्था तथा ग्रहों, राशियों और नक्षत्रों के रोगकारकत्व होने की भी चर्चा की गयी है।

अन्ततः द्रेष्काण के आधार पर अंगों का प्रतिनिधि भाव तथा भाव विचार की सामान्य विधि एवं भावों की कुछ महत्वपूर्ण संज्ञाओं का भी उल्लेख किया गया है।

उपर्युक्त सभी सिद्धान्तों के प्रमाण स्वरूप विभिन्न जातक ग्रन्थों में उल्लिखित तत्सम्बन्धी श्लोकों का भी उल्लेख किया गया है।

<u>द्वितीय अध्यायः–</u>

द्वितीय अध्याय में ज्योतिष के कुछ अन्य सिद्धान्तों, ग्रहीय स्थितियों को रोगकारक बनाने वाले हेतुओं और रोगों के सम्भावित समय का ज्ञान तथा विभिन्न जातक ग्रन्थों में उल्लिखित मानसिक रोगों के विभिन्न योगों का उल्लेख किया गया है।

ग्रहों की दीप्ति, प्रमुदित, स्वस्थ तथा शान्त आदि अनेक मानसिक स्थितियों के अतिरिक्त ग्रहों की जागृति, स्वप्न सुषुप्ति आदि अवस्थायें भी होती हैं। इसी प्रकार लज्जितादि अवस्थायें तथा शयन आदि अवस्थायें भी होती हैं। सभी सिद्धान्तों के प्रमाणस्वरूप जातक ग्रन्थों में उल्लिखित तत्सम्बन्धी श्लोकों का उल्लेख किया गया है।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

ग्रहों को रोगकारक बनाने वाले हेतुओं का विवरण देते हुए त्रिक् स्थान (षष्टम्, अष्टम् तथा द्वादशभाव, लग्न भाव, अवरोहीपन, क्रूर षष्ठ्यंश, पाप ग्रहों से प्रभावित होना, राशि या भाव के स्वामी का अनिष्ट स्थान में स्थिति, भाव, राशि एवं उनके स्वामियों की निर्बलता) आदि अनेक हेतुओं का विवरण दिया गया है।

रोगों के सम्भावित समय के ज्ञान के लिए विंशोत्तरी दशा का विवरण दिया गया है।

अन्त में विभिन्न मानसिक रोगों यथा– उन्माद, अपस्मार, कलहप्रिय होना, प्रमादग्रस्त होना, पिशाच पीड़ा, जड़ता, शाप एवं अभिचार, बुद्धिहीनता, क्रोधी होना, कायर होना, द्रोहकर्ता तथा दुर्व्यसन आदि उत्पन्न करने वाले अनेक योगों को प्रस्तुत किया गया है। सभी योगों के प्रमाण के लिए तत्सम्बन्धी जातक ग्रन्थों के नाम तथा श्लोक आदि का उल्लेख किया गया है।

<u>अध्याय तृतीय से अध्याय नवम् तकः–</u>

अध्याय तृतीय, चतुर्थ पंचम, षष्टम, सप्तम, अष्टम तथा नवम् अध्यायों में क्रमशः 1– उन्माद, 2– अपस्मार, 3– अतत्वाभिनिवेश तथा मनोविक्षिप्ति, 4– विषाद, अवसाद, अव्यवस्थित चित्तताः, अन्तराबन्ध (Depression, Sehizophrenia), 5– भ्रम, विभ्रम या अवस्तुबोधन, संविभ्रम : स्थिर व्यामोह– मिथ्या विश्वास– संघर्ष (Illusion, Hallucination, Paranoia, Delusion), 6– मनोनाड़ी दौर्बल्य– मनःश्रान्ति, मनोग्रन्थि (हठ और बाध्यता युक्त मानसिक रोग) (Neuresthenia, Obsessional Compulsive Neurosis) तथा 7– वृद्धावस्था जन्य मनोविकार (Senile Psychosis) आदि रोगों के लक्षणों का उल्लेख किया गया है।

इन सभी लक्षणों का विवरण आयुर्वेद ग्रन्थों में तो है ही, जातक ग्रन्थों में भी

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इनका उल्लेख उपलब्ध है। अंतएव इन सभी अध्यायों में उल्लिखित रोगों के लक्षणों का विवरण आयुर्वेद तथा ज्योतिष, दोनों विधाओं के अनुसार दिया गया है। सभी प्रकार के रोगों के योगों का उल्लेख भी तत्सम्बन्धी अध्यायों में किया गया है।

मैनें प्रत्येक प्रकार के रोगियों से सम्पर्क किया है। इन रोगियों का सर्वेक्षण विज्ञान–सम्मत विधि से ही सम्पन्न किया गया है। सभी रोगियों से उनकी जन्म कुण्डलियां प्राप्त की गयी हैं। सभी जन्म कुण्डलियों की समीक्षा करने के पश्चात यह ज्ञात हुआ है कि सभी रोगियों की जन्म कुण्डलियों में तत्सम्बन्धी रोगों के योग वैसे ही विद्यमान हैं जैसे विभिन्न जातक ग्रन्थों में उल्लिखित है। इन सभी अध्यायों में लगभग 20–20 रोगियों के जन्म कुण्डलियों की समीक्षा प्रस्तुत की गयी है, किन्तु नवम् अध्याय में वृद्धावस्था जन्य मनोरोगियों की केवल छः जन्मपत्रियां ही प्रस्तुत की गयी हैं, क्योंकि वृद्धजनों को न तो अपनी जन्मतिथि तथा जन्म समय का स्मरण था और न उनके पुत्र–पुत्रियों के पास उनकी जन्म कुण्डलियां उपलब्ध थीं।

अध्याय दशमः–

दशम अध्याय का प्रारम्भ करते हुए यह बतलाया गया है कि आज आधुनिक विज्ञान की अवधारणा में भी क्रान्तिकारी परिवर्तन आ रहा है। अमेरिकी वैज्ञानिक फ्रिटजॉफ कैपरा ने अपनी अनेक विश्व प्रसिद्ध पुस्तकों में अनेक तथ्यों पर प्रकाश डाला है, जिससे आधुनिक भौतिक विज्ञान प्राचीन भारतीय अध्यात्मिक मान्यता के निकट आता जा रहा है।

ब्रिटिश वैज्ञानिक लाइण्डे एण्ड्रेई ने भी अपनी नवीनतम ब्रम्हाण्ड अनुसंधान से सम्बन्धित लेखों में इन तथ्यों की ओर संकेत किया है। उनके अनुसार ब्रम्हाण्ड के सम्बन्ध में नवीनतम अनुसंधान आधुनिक ब्रम्हाण्ड विज्ञान को प्राचीन अध्यात्मिक मान्यताओं के निकट ला रहे हैं।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इन समानताओं को स्पष्ट करने के लिए निम्नलिखित आधारभूत तथ्यों पर प्रकाश डाला गया है।

1–ब्रम्हाण्ड के मूल कण, 2– अन्तरिक्ष, 3– सृष्टि रचना, 4– सृष्टि के रचयिता।

इन तथ्यों पर आधुनिक वैज्ञानिक अनुसंधानों तथा प्राचीन ग्रन्थों में उल्लिखित मान्यताओं की समीक्षा की गयी है।

अन्त में ज्योतिष शास्त्र के विज्ञान सम्मत तथ्यों पर प्रकाश डालते हुए निम्नलिखित सिद्धान्तों का उल्लेख किया गया है।

1– यथा पिण्डे तथा ब्रम्हाण्डे का सिद्धान्त, 2– पाइथागोरस द्वारा प्रतिपादित ब्रम्हाण्डीय लयबद्धता का सिद्धान्त, 3– महर्षि इण्टरनेशनल यूनिवर्सिटी द्वारा इस सम्बन्ध में किया हुआ अनुसंधान, 4– आकाशीय पिण्डों में आकर्षण शक्ति, 5– लोबसांग राम्पा का कथन, 6– स्वमी विशुद्धानन्द द्वारा प्रतिपादित सूर्य सिद्धान्त, 7– ओशो रजनीश द्वारा विज्ञान सम्मत विश्लेषण, 8– जातक ग्रन्थों में उल्लिखित प्रेत बाधा, शाप तथा अभिचारजन्य रोगों के सम्बन्ध में विज्ञान सम्मत विवेचन।

अध्याय का समापन करते हुए यह बतलाया गया है कि ज्यों–ज्यों आधुनिक विज्ञान विकसित हो रहा है, त्यों–त्यों प्राचीन भारत के अनेक शास्त्रीय सिद्धान्त और मान्यतायें विज्ञान–सम्मत सिद्ध होती जा रही हैं।

<u>उपसंहारः–</u>

अन्तिम अध्याय "उपसंहार" में सम्पूर्ण शोध प्रक्रिया का निष्कर्ष प्रस्तुत किया गया है। साथ–साथ शोध प्रक्रिया के क्रम में अनेक जिज्ञासुओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर भी दिये गये हैं।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

भाग्य और कर्म पर भी अनेक प्रश्न पूछे गये हैं, जिनका उत्तर महर्षि वेद व्यास तथा महर्षि वसिष्ठ के द्वारा प्रतिपादित सिद्धान्तों के आधार पर दिया गया है। कर्म फल तथा ग्रह फल की भी समीक्षा की गयी है।

आकस्मिक तथा संयोगवश घटने वाली घटनाओं के ज्योतिषीय कारणों की भी विवेचना की गयी है। अन्त में आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में ज्योतिष की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए शोध प्रबन्ध का समापन किया गया है।

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषय-प्रवेश

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषय–प्रवेश

भविष्य जानने की उत्कंठा मानव की आदिम उत्कंठा है। मानव ने अनेक प्रकार से भविष्य को जानने का प्रयास किया है। इस उद्देश्य की पूर्ति हेतु अनेक विधायें विकसित हुई यथा हस्त रेखा विज्ञान, संख्या विज्ञान, अतीन्द्रिय ज्ञान तथा ग्रह–नक्षत्रों का मनुष्य के ऊपर पड़ने वाले प्रभावों का ज्ञान जिसे ज्योषित अथवा ज्योतिर्विज्ञान कहा जाता है। यह ज्योतिर्विज्ञान ही सर्वाधिक मान्य हुआ है।

ज्योतिर्विज्ञान हमारी पृथ्वी का कदाचित सर्वाधिक प्राचीन विज्ञान है। यदि हम इस धरती पर मनुष्य जाति के अब तक ज्ञात इतिहास की खोजबीन करें तो ऐसा कोई भी समय नहीं मिलता, जिसमें ज्योतिष ज्ञान का प्रमाण न प्राप्त हो।

ज्योतिष संसार के लगभग सभी देशों में किसी न किसी रूप में सर्वाधिक मान्य भी रहा है। अमेरिका जैसे विज्ञानवादी देश में भी बहुत बड़ी संख्या में ज्योतिषी कार्यरत हैं तथा बहुत बड़ी संख्या में लोग उन पर श्रद्धा रखते हैं।

ज्योतिष की लोकप्रियता का अनुमान इन तथ्यों से भी होता है कि केवल भारत में ज्योतिष से सम्बन्धित करीब एक करोड़ बीस लाख रजिस्टर्ड वेबसाइटें हैं, जबकि पूरी दुनिया में पांच करोड़ अट्ठारह लाख वेबसाइटें हैं। हर साइट पर विशेष प्रश्न पूछने के लिए तीन सौ से पन्द्रह सौ रूपये का शुल्क लिया जाता हैं।[1]

इस अद्भुत लोकप्रियता के बावजूद ज्योतिष के कटु आलोचकों की भी कमी नहीं है। आज भौतिक विज्ञान के विकास के कारण प्राचीन मान्यताओं को तिरस्कृत करने की भी प्रवृत्ति प्रबल हो उठी है। वैज्ञानिक ऐसा समझते हैं कि केवल वही सत्य

1– दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" लखनऊ दिनांक अप्रैल 23, 2006 को प्रकाशित देखिये परिशिष्ट–1

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

इस श्लोक में उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए अधिक रोगों से दुःखी, निम्न आचरण वाला एवं शोक से युक्त आदि लक्षणों का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "विषाद–अवसाद" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में गुरू की दशा में गुरू की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत मंगल की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 16 सितम्बर 2005 से 30 अक्टूबर 2005 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्" के अनुसार– "यदि गुरू की अन्तर्दशा में मंगल की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक को शस्त्र भय, गुदा द्वार के रोग, अपच, भूख में कमी तथा शत्रुओं द्वारा पीड़ा होती है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1– बहुभिर्व्याधिभिरार्तो नीचाचारो विरूपदेहश्यच।
2– शशिराशौ भुतनये शशिना दृष्टे सशोकश्च।। (सारावली अध्याय–25, श्लोक–44) पृष्ठ–172
शस्त्रभीतिर्गुदे पीडा वहिनमान्द्यमजीर्णता।
पीडाशत्रुकृता भूतिर्भामप्रत्यन्तरे फलम्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय–63 श्लोक–45, पृष्ठ–641)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

0-5

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)

शनि - शनि	
09-04-2004 से 12-04-2007 तक	
शनि	30-09-2004
बुध	04-03-2005
केतु	07-05-2005
शुक्र	08-11-2005
सूर्य	02-01-2006
चंद्र	02-04-2006
मङ्गल	05-06-2006
राहु	18-11-2006
गुरू	12-04-2007

रोगी का परिचयः-

नाम	–	जुगल
जन्मतिथि	–	12 नवम्बर 1964
समय	–	05.00 PM
स्थान	–	गोरखपुर।

रोगी से सम्पर्कः-

जातक जुगल विषाद--अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 15 जनवरी, 2005 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में पंचम भाव में सिंह राशि में मंगल स्थित है जो शनि के सप्तम दृष्टि से पीड़ित होकर जातक को विषाद-अवसाद का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ सारावली में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः-

"यदि सिंह राशिस्थ मंगल शनि से दृष्ट हो तो जातक- वृद्धाकृति, निर्धन तथा दुःखी होता है।"[1]

इस श्लोक में उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए वृद्धाकृति तथ दुःखी आदि लक्षणों का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "विषाद-अवसाद" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में शनि की दशा में शनि की ही अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत बुध की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 01 अक्टूबर 2004 से 04 मार्च 2005 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार- "यदि शनि की अन्तर्दशा में बुध की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक की बुद्धि का नाश, झगड़ा, भय, भोजन का अभाव, धन की हानि और शत्रुओं से भय होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1- वृद्धाकारोनिःस्वः परमवेश्मभ्रमणशीलवान् दुःखो।
दिनकरराशौ रूधिरे दिनकरतनयेन संदष्टे।। (सारावली अध्याय-25, श्लोक-54) पृष्ठ-173

2- बुद्धिनाशं कलिं भीतिमन्नापामादिहानिकृत्।
धनहानिर्भयं शत्रोः शनेः शन्यन्तरे बुधः।। (होरारत्नम् अध्याय-9, अथ शनिविदिशाफलम्, श्लोक-2,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

लग्न कुण्डली



नवमांश

विंशोत्तरी दशा
(प्रत्यंतर)

शनि – मङ्गल	
13-09-2005 से 22-10-2006 तक	
मङ्गल	06–10–2005
राहु	06–12–2005
गुरू	29–01–2006
शनि	02–04–2006
बुध	29–05–2006
केतु	22–06–2006
शुक्र	29–08–2006
सूर्य	19–09–2006
चंद्र	22–10–2006

रोगी का परिचयः-

नाम – कंचन
जन्मतिथि – 12 फरवरी 1965
समय – 05.00 PM
स्थान – लखनऊ।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक कंचन विषाद–अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में चिकित्सा हेतु 15 अप्रैल, 2006 को आयी था। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में चंद्रमा बारहवें भाव में स्थित है जो लग्न का स्वामी भी है यह योग जातक को विषाद-अवसाद का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ सारावली में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि कुण्डली में बारहवें भाव में चन्द्रमा हो तो जातक–द्वेषी, पतित, नीच, नेत्र रोगी, आलसी, अशान्त तथा सदा दुःखी होता है।"[1]

इस श्लोक में उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए नीच, आलसी, अशान्त तथा सदा दुखी आदि लक्षणों का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "विषाद–अवसाद" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में शनि की दशा में मंगल की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत बुध की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 03 अप्रैल 2006 से 29 मई 2006 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्" के अनुसार– "यदि मंगल की अन्तर्दशा में बुध की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक की बुद्धि का नाश, धन की हानि, शरीर में ज्वर आदि रोग, भोजन की कमी तथा मित्रों की भी कमी होती है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1- द्वेष्यः पतितः क्षुद्रो नयनरूगार्तोऽलसो भवेद्विकलः।
चन्द्रे तथान्यजातो द्वादशगे नित्यपरिभूतः।। (सारावली अध्याय–30, श्लोक–25) पृष्ठ–217

2- सर्वथा बुद्धिनाशाश्च धनहानिर्ज्वरस्तनौ।
वस्त्रान्नसुहृदां नाशो बुधप्रत्यन्तरे भवेत्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय–63 श्लोक–24, पृष्ठ–638)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

10-7

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)

शुक्र - मङ्गल	
21-10-2005 से 21-12-2006 तक	
मङ्गल	15–11–2005
राहु	18–01–2006
गुरू	14–03–2006
शनि	21–05–2006
बुध	20–07–2006
केतु	15–08–2006
शुक्र	25–10–2006
सूर्य	16–11–2006
चंद्र	21–12–2006

रोगी का परिचयः-

नाम – राजकुमार
जन्मतिथि – 30 नवम्बर 1959
समय – 0/50 AM
स्थान – वाराणसी।

रोगी से सम्पर्कः-

जातक राजकुमार विषाद-अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 10 फरवरी, 2006 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में सूर्य तथा चंद्रमा एक साथ चतुर्थ भाव में स्थित होकर जातक को विषाद-अवसाद का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ सारावली में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः-

"यदि चतुर्थ भाव में सूर्य व चन्द्रमा हों तो जातक-बान्धव-पुत्र-सुख से रहित, दरिद्री महाजड़ प्रकृति व अधिक मूर्ख स्वभाव का होता है।"[1]

इस श्लोक में उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए सुख से रहित, दरिद्र, महाजड़ प्रकृति (अधिक मूर्ख स्वभाव) आदि लक्षणों का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "विषाद-अवसाद" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में शुक्र की दशा में मंगल की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत गुरू की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 19 जनवरी 2006 से 14 मार्च 2006 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार- "यदि मंगल की अन्तर्दशा में गुरू की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक की बुद्धि का नाश, दुखी, सन्तापी, कलही, चिन्तित तथा अभावग्रस्त होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1- बान्धवसुतसुखहीनो दारिद्रययुतो महाजडप्रकृतिः।
चन्द्रे रसातलस्थे भास्करसहिते पुमान् जातः।। (सारावली अध्याय-31, श्लोक-3) पृष्ठ-228

2- मतिनाशं तथा दुःखं संतापकलहो भवेत्।
विफलं चिन्तितं सर्वं भौमभौमान्तरो गुरूः।। (होरारत्नम् अध्याय-9, अथ भौमविदिशाफलम्, श्लोक-3, पृष्ठ-420)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

-8

लग्न कुण्डली



नवमांश

विंशोत्तरी दशा
(प्रत्यंतर)

गुरू - सूर्य	
07-01-2005 से 25-10-2005 तक	
सूर्य	21–01–2005
चंद्र	15–02–2005
मङ्गल	02–03–2005
राहु	15–04–2005
गुरू	24–05–2005
शनि	09–07–2005
बुध	20–08–2005
केतु	07–09–2005
शुक्र	25–10–2005

रोगी का परिचयः–

नाम – हरप्रीत कौर
जन्मतिथि – 04 अक्टूबर 1977
समय – 5.00 PM
स्थान – लखनऊ।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक हरप्रीत कौर विषाद–अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय किंग् जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 10 जनवरी, 2005 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म–कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में तीन पापी ग्रह सूर्य, बुध, राहु एक ही राशि में उपस्थित होकर जातक को विषाद–अवसाद का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ सारावली में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि जन्म के समय तीन पाप ग्रहों की स्थिति एक राशि में हो तो जातक भाग्यहीन, दरिद्री, दुःखी, बुरे रूप वाला एवं विनय से हीन होता है।"[1]

इस श्लोक में उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए भाग्यहीन, दुःखी और विनय से हीन आदि लक्षणों का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "विषाद–अवसाद" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में गुरू की दशा में सूर्य की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत सूर्य की ही प्रत्यन्तर दशा दिनांक 08 जनवरी 2005 से 21 जनवरी 2005 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार– "यदि सूर्य की अन्तर्दशा में सूर्य की ही प्रत्यंतर दशा हो तो जातक उद्वेगी, स्त्री से पीड़ा युक्त, मस्तक में दर्द से पीड़ित तथा विवादी होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1- पापास्त्रयोऽपि मिलिताः कुर्वन्ति नरं सुदुर्भगं लोके।
दारिद्रयदुःखतप्तं गर्हितरूपं विनयहीनम्।। (सारावली अध्याय–16, श्लोक–38 पृष्ठ–108)

2- उद्वेगोऽथ बलं वित्तं दारार्तिः शिरसि व्यथा।
ब्राम्हणन विवादश्र सूर्यः स्वविदशां गतः।। (होरारत्नम् अध्याय–9, अथ रवेर्विदशाफलम्, श्लोक–1, पृष्ठ–406)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

सं0-09

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)

मंगल - राहु	
09-11-2005 से 27-11-2006 तक	
राहु	05-01-2006
गुरू	26-02-2006
शनि	26-04-2006
बुध	19-06-2006
केतु	11-07-2006
शुक्र	14-09-2006
सूर्य	03-10-2006
चंद्र	05-11-2006
मङ्गल	27-11-2006

रोगी का परिचयः-

नाम – सरोजनी श्रीवास्तव
जन्मतिथि – 10 जनवरी 1955
समय – 09.00 PM
स्थान – दिल्ली।

रोगी से सम्पर्कः-

जातक सरोजनी श्रीवास्तव विषाद-अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में चिकित्सा हेतु 05 दिसम्बर, 2005 को आयी। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में लग्नेश सूर्य पंचम भाव में राहु के साथ है और शनि की तीसरी दृष्टि से पीड़ित है। अतएव पंचम भाव पापग्रस्त होकर जातक को अवसाद रोगी बना रहा है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ "प्रश्नमार्ग" में उपलब्ध है जो निम्नलिखित हैः-

"यदि पंचम भाव में पाप ग्रह हो तो भय के कारण उन्माद रोग होता है।"[1]

रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि इस प्रकार का रोग आयुर्वेद के अनुसार विषाद अवसाद रोग की श्रेणी में आता है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में मंगल की दशा में राहु की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत राहु की ही प्रत्यन्तर दशा दिनांक 10 नवम्बर 2005 से 05 जनवरी 2006 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार- "यदि राहु की अन्तर्दशा में राहु की ही प्रत्यंतर दशा हो तो जातक बन्धन, अनेक प्रकार का रोग, अनेक प्रकार की चोट तथा कष्ट एवं मित्रों से भयभीत होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1- सपापे पंचमे भीतिवैराग्योत्थः स भूमिजे। (प्रश्नमार्ग- अध्याय-12, सूत्र-47, पेज-182)

2- बन्धनं बहुधा रोगो बहुघातः सुहृदभयम्।
राहवन्तर्दशायां च राहोः प्रत्यन्तरे फलम्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय-63 श्लोक-29, पृष्ठ-639)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

10-10

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)

मंगल - राहु	
17-11-2005 से 05-12-2006 तक	
राहु	14-01-2006
गुरू	04-03-2006
शनि	04-05-2006
बुध	28-06-2006
केतु	20-07-2006
शुक्र	23-09-2006
सूर्य	12-10-2006
चंद्र	13-11-2006
मङ्गल	05-12--2006

रोगी का परिचयः-

नाम	–	विनीता श्रीवास्तव
जन्मतिथि	–	04 नवम्बर 1968
समय	–	07.30 PM
स्थान	–	फैजाबाद।

रोगी से सम्पर्कः-

जातक विनीता श्रीवास्तव विषाद-अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 01 जुलाई, 2006 को आयी। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

लग्न-कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में पंचम भाव में मंगल और केतु स्थित है और पंचम भाव पर राहु ग्रस्त शनि की सप्तम दृष्टि भी है, जो जातक को मानसिक अवसाद रोगी बना रहा है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ "प्रश्नमार्ग" में उपलब्ध है जो निम्नलिखित हैः-

"यदि पंचम भाव में पाप ग्रह हो तो भय के कारण उन्माद रोग होता है।"[1]

रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि इस प्रकार का रोग आयुर्वेद के अनुसार विषाद अवसाद रोग की श्रेणी में आता है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में मंगल की दशा में राहु की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत केतु की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 29 जून 2006 से 20 जुलाई 2006 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्" के अनुसार- "यदि राहु की अन्तर्दशा में केतु की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक की बुद्धि का नाश, भय, विघ्न, धन हानि, सर्वत्र भय का वातावरण, सर्वत्र कलह तथा उद्वेग होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

---

1. सपापे पंचमे भीतिवैराग्योत्थः स भूमिजे। (प्रश्नमार्ग- अध्याय-12, सूत्र-47, पेज-182)
2. बुद्धिनाशो भयं विघ्नो धनहानिर्महद्भयम्।
सर्वत्र कलहोद्वेगो केतो प्रत्यन्तरे फलम्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय-63 श्लोक-33, पृष्ठ-639)

CC0. Mahaarishi Maharishi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा
(प्रत्यंतर)

चंद्र - बुध	
10-07-2005 से 10-12-2006 तक	
बुध	22–09–2005
केतु	22–10–2005
शुक्र	17–01–2006
सूर्य	12–02–2006
चंद्र	25–03–2006
मङ्गल	25–04–2006
राहु	11–07–2006
गुरू	19–09–2006
शनि	10–12–2006

रोगी का परिचयः-

नाम – गुड्डू
जन्मतिथि – 22 सितम्बर 1985
समय – 09.45 PM
स्थान – लखनऊ।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक गुड्डू विषाद--अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 25 सितम्बर, 2005 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में पंचमेश बुध स्वयं अपने घर में पापी ग्रह सूर्य के साथ स्थित है, जो जातक के मन में विषाद–अवसाद रोग उत्पन्न कर रहा है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "जातक तत्वम्" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि पंचमेश पाप ग्रह से युक्त हो तो जातक विस्मयशील बुद्धि का होताा है।"[1]

उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग को "विस्मयशील बुद्धि" कहा गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि इस प्रकार का रोग आयुर्वेद के अनुसार विषाद अवसाद रोग की श्रेणी में आता है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में चन्द्रमा की दशा में बुध की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत केतु की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 23 सितम्बर 2005 से 22 अक्टूबर 2005 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार– "यदि बुध की अन्तर्दशा में केतु की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक को कठोर भोजन पाने वाला, पेट के रोग से युक्त और रक्त तथा पित्त से उत्पन्न व्याधियों से दुखी होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

---

1. सपापे सुतपे विस्मयशीलः।। (जातक तत्वम्– पंचम विवेक, सूत्र–19, पेज–137)
2. कठिनान्नस्य संप्राप्तिरूदरे रोगसंभवः।
कामलं रक्तपित्तं च सौम्य सौम्यान्तरा शिखी। (होरारत्नम् अध्याय–9, अथ बुधविदिशाफलम्, श्लोक–2, पृष्ठ–450)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)

चंद्र - शनि	
14-10-2004 से 14-05-2006 तक	
शनि	14-01-2005
बुध	05-04-2005
केतु	08-05-2005
शुक्र	13-08-2005
सूर्य	12-09-2005
चंद्र	29-10-2005
मङ्गल	02-12-2005
राहु	28-02-2006
गुरू	14-05-2006

रोगी का परिचयः-

नाम – प्रमोद सिंह
जन्मतिथि – 26 दिसम्बर 1960
समय – 11.00 AM
स्थान – लखनऊ।

रोगी से सम्पर्कः-

जातक प्रमोद सिंह विषाद--अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में चिकित्सा हेतु 01 नवम्बर, 2005 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में पंचम भाव में पाप ग्रह मंगल स्थित है और पंचममेश स्वयं पाप ग्रह सूर्य और शनि से युक्त है, जो जातक के विचारों को विकृत कर उसे मनोरोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ "प्रश्नमार्ग" तथा "जातक तत्वम्" में उपलब्ध है जो निम्नलिखित हैः-

"यदि पंचम भाव में पाप ग्रह हो तो भय के कारण उन्माद होता है।"[1]

तथा

"यदि पंचमेश पापग्रस्त हो तो जातक विस्मयशील बुद्धि वाला होता है।"[2]

उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग को "उन्माद" तथा "विस्मयशील बुद्धि" कहा गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि इस प्रकार का रोग आयुर्वेद के अनुसार विषाद अवसाद रोग की श्रेणी में आता है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में चन्द्रमा की दशा में शनि की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत मंगल की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 30 अक्टूबर 2005 से 02 दिसम्बर 2005 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्" के अनुसार- "यदि शनि की अन्तर्दशा में मंगल की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक की तेजस्विता में कमी, पुत्र को कष्ट, अग्नि से भय, शत्रु से भय तथा वात पित्त से कष्ट होता है।"[3] प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

---

1. सपापे पंचमे भीतिवैराग्योत्थः स भूमिजे। (प्रश्नमार्ग- अध्याय-12, सूत्र--47, पेज--182)
2. सपापे सुतपे विस्मयशीलः।। (जातक तत्वम्- पंचम विवेक, सूत्र-19, पेज-137)
3. तेजोहानिः पुत्रघातो वह्नि भीन्ती रिपोर्भयम्। [illegible] (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय-63 श्लोक-53, पृष्ठ-642)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

विषाद-अवसाद रोगी की जन्म कुण्डली

20-13

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा
(प्रत्यंतर)

सूर्य - शुक्र	
15-03-2005 से 15-03-2006 तक	
शुक्र	15–05–2005
सूर्य	03–06–2005
चंद्र	03–07–2005
मङ्गल	24–07–2005
राहु	18–09–2005
गुरू	06–11–2005
शनि	03–01–2006
बुध	24–02–2006
केतु	15–03–2006

रोगी का परिचयः–

नाम – जगदीश
जन्मतिथि – 15 अप्रैल 1960
समय – 02.45 PM
स्थान – लखनऊ।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक जगदीश विषाद–अवसाद रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में चिकित्सा हेतु 01 अगस्त, 2005 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म–कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में पंचमेश गुरू स्वयं पंचम भाव में शनि के साथ स्थित है जो रोगी को अवसादग्रस्त बना रहा है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "जातक तत्वम्" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि पंचमेश पाप ग्रह से युक्त हो तो जातक विस्मयशील बुद्धि का होता है।"[1]

रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि इस प्रकार का रोग आयुर्वेद के अनुसार विषाद अवसाद रोग की श्रेणी में आता है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में सूर्य की दशा में शुक्र की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत राहु की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 25 जुलाई 2005 से 18 सितम्बर 2005 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार– "यदि शुक्र की अन्तर्दशा में राहु की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक स्त्री से लड़ने वाला, अचानक भयभीत तथा राजा एवं शत्रुओं से पीड़ित होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1– सपापे सुतपे विस्मयशीलः।। (जातक तत्वम्– पंचम विवेक, सूत्र–19, पेज–137)

2– कलहो जायते स्त्रीभिरकस्माद्भयसंभवः।
राजतः शत्रुतः पीडा शुक्रे शुक्रान्तरा तमः।। (होरारत्नम् अध्याय–9, अथ शुक्रविदिशाफलम्, श्लोक–5, पृष्ठ–466)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अव्यवस्थित चित्तता रोगी की जन्म कुण्डली

-14

लग्न कुण्डली



नवमांश

विंशोत्तरी दशा
(प्रत्यंतर)

गुरू - केतु	
19-04-2005 से 25-03-2006 तक	
केतु	09–05–2005
शुक्र	05–07–2005
सूर्य	22–07–2005
चंद्र	20–08–2005
मङ्गल	09–09–2005
राहु	30–10–2005
गुरू	15–12–2005
शनि	08–02–2006
बुध	25–03–2006

रोगी का परिचयः–

नाम – प्रमोद कुमार
जन्मतिथि – 04 सितम्बर 1959
समय – 10.00 AM
स्थान – वाराणसी।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक प्रमोद कुमार अव्यवस्थित चित्तता रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 15 फरवरी, 2006 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में व्यय भाव में मंगल, चन्द्रमा तथा राहु की युति जातक को अव्यवस्थित चित्तता रोग से पीड़ित करती है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "जातक तत्वम" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि राहु व चन्द्रमा यदि पापग्रह के साथ बारहवें स्थान में स्थित हों तो मनुष्य उन्माद का रोगी तथा धोखेबाज स्वभाव वाला होता है।"[1]

रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "अव्यवस्थित चित्तता" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में गुरू की दशा में केतु की अन्तर्दशा तथा अन्तर्गत बुध की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 09 फरवरी 2006 से 25 मार्च 2006 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार– "यदि केतु की अन्तर्दशा में बुध की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक की बुद्धि का नाश, बड़ा उद्वेग, विद्या का नाश, अधिक भयभीत तथा कार्य में असफल होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

---

[1] राहिन्दू सपासपौ रिःफे उम्पादी कलहशीलः। (जातकतत्वम– मिश्र विवेक श्लोक–83, पृष्ठ–314)

[2] बुद्धिनाशो महोद्वेगो विद्याहानिर्महाभयम्।
कार्यसिद्धिर्न जायेत केतोः केत्वन्तरा बुधः।। (होरारत्नम् अध्याय–9, अथ केतोर्विदिशाफलम्, श्लोक–9, पृष्ठ–459)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya(MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अव्यवस्थित चित्तता रोगी की जन्म कुण्डली

सं0–15

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा
(प्रत्यंतर)

राहु – मङ्गल	
03–03–2005 से 21–03–2006 तक	
मङ्गल	25–03–2005
राहु	21–05–2005
गुरू	12–07–2005
शनि	12–09–2005
बुध	05–11–2005
केतु	27–11–2005
शुक्र	30–01–2006
सूर्य	19–02–2006
चंद्र	21–03–2006

रोगी का परिचयः–

नाम	–	बलविन्दर कौर
जन्मतिथि	–	01 जनवरी 1968
समय	–	02.30 PM
स्थान	–	लखनऊ।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक बलविन्दर कौर अव्यवस्थित चित्तता रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, आलबाग, लखनऊ में चिकित्सा हेतु 26 सितम्बर, 2005 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म–कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में बुध अष्टम भाव में पाप ग्रह सूर्य के साथ स्थित होकर जातक को अव्यवस्थित चित्तता का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "प्रश्नमार्ग" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि तृतीय, षष्टम्, अष्टम् या व्यय स्थान में पापयुक्त बुध हो तो जातक को उन्माद रोग होता है।"[1]

उपर्युक्त रोग से उत्पन्न रोग को उन्माद कहा गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "अव्यवस्थित चित्तता" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में राहु की दशा में मंगल की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत बुध की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 13 सितम्बर 2005 से 05 नवम्बर 2005 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्" के अनुसार– "यदि मंगल की अन्तर्दशा में बुध की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक की बुद्धि का नाश, धन हानि, शरीर में ज्वर रोग, भोजन का अभाव तथा मित्रों से कष्ट होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1– अस्ते पापयुतो मान्दिर्वित्त्रिषष्ठाष्टामान्त्यगः। (प्रश्नमार्ग– अध्याय–12, सूत्र–32, पेज–180)

2– सर्वथा बुद्धिनाशाश्च धनहानिर्ज्वरस्तनौ।
वस्त्रान्नसुहृदां नाशो बुधप्रत्यन्तरे भवेत्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय–63 श्लोक–24, पृष्ठ–638)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अव्यवस्थित चित्तता रोगी की जन्म कुण्डली

20-16

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)

गुरू – मङ्गल	
05-03-2004 से 11-02-2005 तक	
मङ्गल	24–03–2004
राहु	15–05–2004
गुरू	30–06–2004
शनि	23–08–2004
बुध	10–10–2004
केतु	30–10–2004
शुक्र	26–12–2004
सूर्य	13–01–2005
चंद्र	11–02–2005

रोगी का परिचयः–

नाम	–	अवधेश
जन्मतिथि	–	08 फरवरी 1969
समय	–	02.00 AM
स्थान	–	गाजियाबाद।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक अवधेश कौर अव्यवस्थित चित्तता रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में चिकित्सा हेतु 20 जुलाई, 2004 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म–कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में शनि राहु के साथ पंचम भाव में स्थित है जो जातक के मन को विकृत कर जातक को अव्यवस्थित चित्तता का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "सारावली" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि कुण्डली में पञ्चमभाव में शनि हो तो जातक सुख–पुत्र–मित्र से रहित बुद्धिहीन, अचेत, पागल तथा दीन होता है।"[1]

इस श्लोक में उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए बुद्धिहीन, अचेत, पागल तथा दीन आदि लक्षणों का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "अव्यवस्थित चित्तता" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में गुरू की दशा में मंगल की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत शनि की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 01 जुलाई 2004 से 23 अगस्त 2004 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्" के अनुसार– "यदि मंगल की अन्तर्दशा में शनि की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक के स्वामी की मृत्यु, अनेक प्रकार के कष्ट, धन हानि, भय का वातावरण, विकलता तथा कलह होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1– सुखसुतमित्रविहीनं मति रहितचेतसं त्रिकोणस्थः।
सोन्मादं रवितनयः करोति पुरूषं सदा दीनम्।। (सारावली–अध्याय–23, श्लोक–78 पृष्ठ 226)

2– स्वामिनाशस्तथा पीड़ा धनहानिर्महाभयम्।
वैकल्यं कलहस्त्रासो शनेः प्रत्यन्तरे भवेत।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय–63 श्लोक–23, पृष्ठ–638)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अव्यवस्थित चित्तता रोगी की जन्म कुण्डली

20-17

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)

चंद्र - गुरू	
27-07-2005 से 27-11-2006 तक	
गुरू	01–10–2005
शनि	17–12–2005
बुध	25–02–2006
केतु	23–03–2006
शुक्र	13–06–2006
सूर्य	07–07–2006
चंद्र	17–08–2006
मङ्गल	15–06–2006
राहु	17–11–2006

रोगी का परिचयः–

नाम – सविता
जन्मतिथि – 13 अगस्त 1969
समय – 05.00 PM
स्थान – बाराबंकी।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक सविता अव्यवस्थित चित्तता रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 20 नवम्बर, 2006 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म–कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में शनि पंचम भाव में उपस्थित होकर जातक को अव्यवस्थित चित्तता का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "सारावली" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि कुण्डली में पञ्चमभाव में शनि हो तो जातक सुख–पुत्र–मित्र से रहित बुद्धिहीन, अचेत, पागल तथा दीन होता है।"[1]

उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए बुद्धिहीन, अचेत, पागल आदि लक्षणों का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "अव्यवस्थित चित्तता" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में चन्द्रमा की दशा में गुरू की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत मंगल की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 18 अगस्त 2006 से 15 जून 2006 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्" के अनुसार– "यदि गुरू की अन्तर्दशा में मंगल की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक को शस्त्र भय, गुदाद्वार के रोग, अपच, भूख कम लगना तथा शत्रुओं द्वारा पीड़ा होती है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1– सुखसुतमित्रविहीनं मति रहितचेतसं त्रिकोणस्थः।
सोन्मादं रवितनयः करोति पुरूषं सदा दीनम्।। (सारावली–अध्याय–23, श्लोक–78 पृष्ठ 226)

2– शस्त्रभीतिर्गुदे पीडा वहिनमान्द्यमजीर्णता।
पीडाशत्रुकृता भूतिर्भामप्रत्यन्तरे फलम्।। (वृहत्पाराशरहोराशास्त्रम्, अध्याय–63 श्लोक–45, पृष्ठ–641)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha



CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अव्यवस्थित चित्तता रोगी की जन्म कुण्डली

सं0–18

लग्न कुण्डली | नवमांश | विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)





राहु – मङ्गल	
04-09-2005 से 22-09-2006 तक	
मङ्गल	26–09–2005
राहु	23–11–2005
गुरू	13–01–2006
शनि	13–03–2006
बुध	06–05–2006
केतु	29–05–2006
शुक्र	02–08–2006
सूर्य	20–08–2006
चंद्र	22–09–2006

रोगी का परिचयः–

नाम	–	विनोद कुमार
जन्मतिथि	–	17 जून 1996
समय	–	05.00 AM
स्थान	–	लखनऊ।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक विनोद कुमार अव्यवस्थित–चित्तता रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय किंग जार्ज मेडिकल कालेज के मानसिक रोग विभाग में चिकित्सा हेतु 01 दिसम्बर, 2005 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म–कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में मंगल लग्न में लग्नेश के साथ है तथा षष्ठेश शुक्र भी लग्न में है, जो जातक को अव्यवस्थित चित्तता का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "जातक पारिजात" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि लग्न मंगल से दृष्ट हो तथा षष्ठेश दशम, सप्तम भाव अथवा लग्न में स्थित होतो जातक मन्त्राभिचारजन्य व्याधि से पीड़ित होता है।"[1]

इस श्लोक में उपरोक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए मन्त्राभिचारजन्य व्याधि (जिसका अभिप्राय है– तांत्रिक क्रियाओं से उत्पन्न रोग) का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "अव्यवस्थित चित्तता" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में राहु की दशा में मंगल की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत गुरू की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 24 नवम्बर 2005 से 13 जनवरी 2006 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार– "यदि मंगल की अन्तर्दशा में गुरू की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक की बुद्धि का विनाश, दुखी, संतापी, कलही, चिन्तित तथा अभावग्रस्तता रहती है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1– आरेक्षिते यदि विलग्नगृहेऽरिनाथे
मानेऽथवाऽस्ततनुगे कृतमाभिचारम्।
लग्नाधिपेन सहितेऽवनिजे विलग्ने
केन्द्रेऽथवा रिपुपतौ तनुगे तथा स्यात् (जातक पारिजात– जातक भङाध्यायः– श्लोक–93 पृष्ठ 291)

2– मतिनाशं तथा दुःखं संतापकलहो भवेत्।
विफलं चिन्तितं सर्वं भौमभौमान्तरो गुरूः।। (होरारत्नम् अध्याय–9, अथ भौमविदिशाफलम्, श्लोक–3, पृष्ठ–420)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अव्यवस्थित चित्तता रोगी की जन्म कुण्डली

क्र0–19

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर)

राहु – शुक्र	
08–02–2004 से 08–02–2007 तक	
शुक्र	08--08–2004
सूर्य	02--10–2004
चंद्र	02–01–2005
मङ्गल	05–03--2005
राहु	17–08–2005
गुरू	11–01–2006
शनि	02–07–2006
बुध	05--12–2006
केतु	08–02–2007

रोगी का परिचयः–

नाम	–	अमित दुबे
जन्मतिथि	–	26 अक्टूबर 1980
समय	–	06.00 PM
स्थान	–	कानपुर।

रोगी से सम्पर्कः–

जातक अमित दुबे अव्यवस्थित चित्तता रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में चिकित्सा हेतु 20 अगस्त, 2004 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म–कुण्डली की समीक्षाः–

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में चतुर्थ भाव में पाप ग्रह राहु स्थित है तथा चतुर्थेश चन्द्रमा भा मंगल की सप्तम दृष्टि से पापग्रस्त है, जिससे जातक अव्यवस्थित चित्तता के रोग से पीड़ित हो गया है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः–

यह योग जातक ग्रन्थ "जातक तत्वम्" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः–

"यदि चतुर्थ स्थान में क्रूर ग्रह हों तथा चतुर्थेश क्रूर ग्रह से युक्त हो तो जातक "विरूद्ध–चित्त" का होता है।"[1]

रोगी के परिजनों ने बताया कि यह रोग दो बार आत्म हत्या का असफल प्रयास कर चुका है।

रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि इस प्रकार का रोगी आयुर्वेद के अनुसार अव्यवस्थित चित्तता रोग की श्रेणी में आता है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः–

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में राहु की दशा में शुक्र की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत सूर्य की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 09 अगस्त 2004 से 02 अक्टूबर 2004 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार– "यदि शुक्र की अन्तर्दशा में सूर्य की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक को वातजन्य रोग, मस्तक से पीड़ा, राजा तथा शत्रुओं से कष्ट आदि होते है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1– सुखे क्रूरे क्रूरान्विते सुखेशे विरूद्धचितः। (जातकतत्वम्– प्रथम विवेक, श्लोक--322, पृष्ठ–82)

2– वातज्वरः शिरःपीडा राज्ञः पीडा रिपोरपि।
जायते स्वल्पलाभोऽपि शुक्रे शुक्रान्तरा रविः।। (होरारत्नम् अध्याय–9, अथ शुक्रविदिशाफलम्, श्लोक--2, पृष्ठ–165)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अव्यवस्थित चित्तता रोगी की जन्म कुण्डली

सं0-20

लग्न कुण्डली



नवमांश



विंशोत्तरी दशा
(प्रत्यंतर)

राहु - शुक्र	
23-04-2004 से 23-04-2007 तक	
शुक्र	23–10–2004
सूर्य	17–12–2004
चंद्र	17–03–2005
मङ्गल	20–05–2005
राहु	02–11–2005
गुरू	26–03–2006
शनि	17–09–2006
बुध	20–02–2007
केतु	23–04–2007

रोगी का परिचयः-

नाम – बबलू
जन्मतिथि – 30 मई 1975
समय – 01.00 AM
स्थान – इलाहाबाद।

रोगी से सम्पर्कः-

जातक बबलू अव्यवस्थित चित्तता रोग से पीड़ित होकर मानसिक चिकित्सालय नूर मंजिल, लालबाग, लखनऊ में चिकित्सा हेतु 02 नवम्बर, 2004 को आया। मैने इस रोगी तथा इसके परिजनों से सम्पर्क किया तथा रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त कर इनसे रोगी की जन्म कुण्डली मांगी, जिसे उन्होंने एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध करा दिया। रोग के सम्यक् विश्लेषण के लिए लगभग एक माह तक इनसे अनेक बार सम्पर्क किया गया।

जन्म-कुण्डली की समीक्षाः-

उपर्युक्त लग्न कुण्डली में शनि पंचम भाव में स्थित होकर जातक को अव्यवस्थित चित्तता का रोगी बनाता है।

जातक ग्रन्थ में उल्लिखित योगः-

यह योग जातक ग्रन्थ "सारावली" में उपलब्ध है, जो निम्नलिखित हैः-

"यदि पंचम भाव में शनि हो तो जातक सुख, पुत्र, मित्र से रहित, बुद्धिहीन, अचेत, पागल तथा दीन होता है।"[1]

उपर्युक्त योग से उत्पन्न रोग के लिए बुद्धिहीन, अचेत, पागल आदि लक्षणों का प्रयोग किया गया है। रोगी से साक्षात्कार करने तथा उस रोग का पूर्ण विवरण प्राप्त करने के पश्चात यह निष्कर्ष प्राप्त है कि यह मानसिक रोगी आयुर्वेद के अनुसार "अव्यवस्थित चित्तता" रोग से पीड़ित है।

विंशोत्तरी दशा (प्रत्यंतर) के अनुसार समीक्षाः-

जातक के विंशोत्तरी दशा के अनुसार उपर्युक्त अवधि में राहु की दशा में शुक्र की अन्तर्दशा तथा तदन्तर्गत सूर्य की प्रत्यन्तर दशा दिनांक 24 अक्टूबर 2004 से 17 दिसम्बर 2004 तक चल रही थी। फलतः रोग का प्रकोप उग्र था।

जातक ग्रन्थ "होरारत्नम्" के अनुसार– "यदि शुक्र की अन्तर्दशा में सूर्य की प्रत्यंतर दशा हो तो जातक वायु जन्य रोग, मस्तक से कष्ट तथा राजा एवं शत्रुओं से पीड़ित होता है।"[2]

प्रत्यन्तर दशा फल की प्रतिकूलता के कारण उपर्युक्त अवधि में रोग की उग्रता में वृद्धि हुई।

1- सुखसुतमित्रविहीनं मति रहितचेतसं त्रिकोणस्थः।
सोन्मादं रवितनयः करोति पुरूषं सदा दीनम्।। (सारावली–अध्याय–23, श्लोक–78 पृष्ठ 226)

2- वातज्वरः शिरःपीडा राज्ञः पीडा रिपोरपि।
जायते स्वल्पलाभोऽपि शुक्रे शुक्रान्तरा रविः।। (होरारत्नम् अध्याय--9, अथ शुक्रविदिशाफलम्, श्लोक–2, पृष्ठ--465)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अध्याय-सप्तम

भ्रम, विभ्रम अवस्तुबोधन,

संविभ्रम : स्थिर व्यामोह, मिथ्या-विश्वास संघर्ष

(Illusion, Hallucination, Paranoia, Delusion)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

अध्याय सप्तम

भ्रम, विभ्रम या अवस्तुबोधन, संविभ्रम : स्थिर व्यामोह, व्यामोह–मिथ्याविश्वास–संघर्ष

(Illusion, Hallucination, Paranoia, Delusion)

भ्रम (Illusion)

रोग का परिचयः–

यह ज्ञान, बोध या उपलब्धि के व्यतिक्रम का महत्वपूर्ण विकार है।[1]

लक्षणः–[2]

1. किसी सत्य वस्तु में असत्य वस्तु का भान या ज्ञान होना भ्रम कहलाता है।
2. किसी वस्तु में अपने स्वरूप की न छोड़ते हुए, दूसरी वस्तु की मिथ्या प्रतीति होना भ्रम है, इसे दर्शनशास्त्र में विवर्त या अध्यास कहते हैं। जैसे– रस्सी का अपने रूप का बिना परित्याग किये सर्प रूप में प्रतीत होना, मिथ्या प्रतीति या भ्रम है।
3. भ्रम, भ्रान्ति, विपर्यय या मिथ्याज्ञान– ये पर्यायवाची शब्द हैं। जो पदार्थ जैसा है, वैसा न दिखलाई देकर दूसरा ही मालूम पड़े, जैसे– सीप को चांदी समझना भ्रान्ति या भ्रम है।

विभ्रम या अवस्तुबोधन

(Hallucination)

रोग परिचयः–

यह भ्रम के आगे की स्थिति है, जिसका कोई आधार नहीं होता। यह अस्तित्वविहीन मिथ्या ज्ञान है।[3]

1– विद्याधर शुक्ल– काय चिकित्सा पृष्ठ--243

2– तत्रैव– पृष्ठ–243

3– तत्रैव– पृष्ठ–244

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लक्षण:–[4]

1. जब किसी वस्तु का अस्तित्व न होने पर भी उस वस्तु की सत्ता प्रतीत होती है, तो इस अवस्तु–बोधन को विभ्रम कहते हैं। इसका कोई आश्रय या मूलाधार नहीं होता। इसलिए इसको निर्मूल भ्रम कहते हैं।
2. इसमें कोई वाहय उद्दीपक नहीं होता है, फिर भी इन्द्रियार्थों की (शब्द–स्पर्श–रूप–रस–गन्ध की) मिथ्या प्रतीति होती हे।
3. रोगी को विभिन्न प्रकार की धमकी, तिरस्कार अथवा प्रशंसा भरी ध्वनियां सुनाई देती हैं जो अवास्तविक एवं अस्तित्वविहीन होती हैं।
4. रोगी को दिव्य अलौकिक चमत्कारपूर्ण दृश्य दिखलाई देते हैं, जो मिथ्या होते हैं।
5. उसे अस्तित्वविहीन वस्तुओं के स्वाद का अनुभव होता है।
6. रोगी को विचित्र गन्ध मालूम होती है, जो वस्तुतः अस्तित्वविहीन होता है। इसी प्रकार–
7. रोगी को अस्तित्वविहीन कृमियों के शरीर पर रेंगने या उसके स्पर्श का अनुभव होता है।

संविभ्रम : स्थिर व्यामोह

(Paranoia)

रोग परिचय:–

जब किसी व्यक्ति में भ्रम का स्थिर निवास होता है, तो उसे 'संविभ्रम' कहते हैं। यह एक प्रकार की प्रवृद्ध भ्रमावस्था है।[5]

4– तत्रैव– पृष्ठ–244
5– तत्रैव– पृष्ठ–245

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

लक्षण:–[6]

1. रोगी को सदैव यह भ्रम रहता है कि कोई उसे कष्ट पहुंचाने के लिए उद्यत है और हो सकता है कि वह भोजन में विष मिलाना चाहता हो।
2. उसका भ्रम स्थायी होता है और अपने अगल–बगल की प्रत्येक वस्तु को वह खतरनाक समझता है।
3. रोगी अहंकारी होता है और अपनी जिद पर हठ करता है।
4. वह महत्वाकांक्षी और उच्च अभिलाषा वाला होता है।
5. रोगी किसी पर विश्वास नहीं करता है और सबको सन्देह की दृष्टि से देखता है।
6. वह कल्पना लोक में विचरण करता है और दूसरों को सजा देने की बात सोचता है।
7. उसे ऐसा अनुभव होता है कि सभी लोग उसके विरूद्ध हैं।
8. उसे अपनी हत्या कराये जाने का भ्रम बराबर बना रहता है।

व्यामोह–मिथ्याविश्वास–संघर्ष

(Delusion)

रोग परिचय:–

यह एक ऐसी गलत धारणा वाला रोग है, जिसे किसी भी प्रमाण से सही नहीं सिद्ध किया जा सकता। यह एक प्रकार का उन्माद जैसा रोग है, जो अनेक प्रकार के मानस रोगों में एक लक्षण के रूप में पाया जाता है।[7]

लक्षण:–

1. रोगी द्वारा अपने को किसी भी क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट, सर्वोत्तम और महानतम होने का दावा करना, उसका मिथ्याविश्वास–संघर्ष कहा जाता है।

6– तत्रैव– पृष्ठ–245

7– तत्रैव– पृष्ठ–246

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

2. वह आशा के पाश में बंधा रहता है तथा कामी, क्रोधी और लोभी होता है।

3. उसमें ईर्ष्या और द्वेष की भावना अधिक होती है। वह महान अहंकारी होता है और उसे अपने बल तथा धन–जन का अपार दर्प रहता है।

4. किसी क्षेत्र में सफलता मिल जाने पर ऐसे व्यक्ति के मानसपटन पर मिथ्या विश्वास का जन्म होता है।

जातक ग्रन्थों में उपरोक्त रोगों के लक्षणः–

यह पूर्व अध्याय में स्पष्ट किया जा चुका है कि जातक ग्रन्थों में मानसिक रोगों के विभिन्न वर्गों के नाम आयुर्वेद में प्रयुक्त रोगों के नामों से भिन्न है, तथापि जातकग्रन्थों में उपरोक्त सभी रोगों के लक्षण तथा योग प्राप्त हो जाते हैं।

जातक ग्रन्थों में उपरोक्त रोगों के विभिन्न लक्षणों का उल्लेख है जैसे– मतिभ्रम, हीन बुद्धि, जड़ बुद्धि तथा चंचल बुद्धि आदि। सभी लक्षण उपरोक्त रोगों से ही सम्बन्धित हैं।

जातक ग्रन्थों में उल्लिखित उपरोक्त रोगों के योगः–

जातक ग्रन्थ "जातक पारिजात" में उल्लिखित मतिभ्रम का योगः–

1– यदि बुध और चन्द्रमा संयुक्त होकर केन्द्रभावों में स्थित हों अथवा दोनों पापग्रह के नवांश में स्थित हों तो जातक बौद्धिक विभ्रम से पीड़ित होता है।[8]

2– **जातक ग्रन्थ जातक तत्वम में "हीन बुद्धि" के योगों का उल्लेखः–**

जातक ग्रन्थ "जातक तत्वम" में "हीन बुद्धि" तथा "जड़ बुद्धि" का उल्लेख अध्याय–2 में किया जा चुका है तथापि इनके कुछ योगों को पुनः उद्धृत किया जा रहा है, क्योंकि इस अध्याय में इन योगों के आधार पर ही जन्म कुण्डलियों की समीक्षा की गयी है। हीन बुद्धि के योग निम्नलिखित हैं।[9]

8– केन्द्रस्थितौ सौयनिशाकरौ वा सौम्यांशहीनौ भ्रमसंयुतः स्यात्।
केन्द्रस्थिता मन्दनिशाकरार्का जडो भवेदत्र मधूपभोक्ता।। (जातक पारिजात –जातकभङ्गाध्यायः, श्लोक–81)

9– लग्ने चन्द्रे मन्दारदृष्टे हीनधीः।।
सुतेशे क्रूरषष्ट्यंशे हीनधीः।।
मन्दाराकौश्चन्द्रं पश्यन्ति मौर्ख्यकराः।।
सूते जीवे मेधानाशः।। (जातकतत्वम्, पंचम विवेक–सूत्र–26 से 29, पृष्ठ–138)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Karoundi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

1– यदि लग्न में चन्द्रमा स्थित हो तथा उसे शनि व मंगल देखते हों तो मनुष्य हीनबुद्धि अर्थात कम बुद्धि वाला होता है।

2– यदि पंचमेश क्रूर षष्ट्यंश में हो तो मनुष्य हीनबुद्धि होता है।

3– शनि, मंगल व सूर्य ये तीनों यदि चन्द्रमा को देखते हों तो मनुष्य मूर्ख होता है।

4– यदि बृहस्पति पंचम स्थान में स्थित हो तो मनुष्य की स्मरणशक्ति का नाश होता है।

"जातक तत्वम" में "जड़बुद्धि" के योगों का उल्लेख निम्नलिखित है:–[10]

1– चन्द्रमा, शनि व गुलिक यदि ये तीनों केन्द्र स्थानों में हो तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

2– धनस्थान में गुलिक व सूर्य स्थित हों तथा उन्हें पापग्रह देखते हों अथवा शनि व तृतीयेश दोनों एक साथ हों तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

3– यदि द्वितीयेश पापग्रहों से युक्त होकर दशम स्थान में स्थित हों तो मनुष्य जनसमुदाय के सामने जड़बुद्धि हो जाता है। अर्थात् लोगों के सामने उसकी बुद्धि ठीक कार्य नहीं करती है।

4– तृतीयेश यदि राहु के साथ हो तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

5– पंचम स्थान में शनि लग्नेश होकर स्थित हो तथा पंचमेश को शनि देखता हो तथा पंचमेश पापग्रहों से युत हो तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

6– गुलिक व शनि दोनों पंचम स्थान में हो तथा शुभग्रहों का कोई सम्बन्ध वहां न हो तो मनुष्य जड़बुद्धि होता है।

10– केन्द्रगा मन्देन्दुगुलिका जडः।।
धनेगुलिकाकौ पापदृष्टौ वा सार्कजे सोत्थपे जडः।।
सपापे धनेशे खे सभाजडः।।
सतमसि सोत्थपे जडः।।
सुतेमन्द्र लग्नेशे मन्ददृष्टे सुतेशे सपापे जडः।।
गुलिकार्कजौ सुते शुभयोगहीने जडः।। (जातकतत्वम–पंचम विवेक–सूत्र–20 से 25, पृष्ठ–137)

CC0. Maharishi Mahesh Yogi Vedic Vishwavidyalaya (MMYVV), Kanchodi, Jabalpur,MP Collection.

Digitized By Siddhanta eGangotri Gyaan Kosha

